26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2026

अंक- 318 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बैंक हड़ताल : शाखाओं पर सेवाएं ठप

## ग्राहकों की बढ़ी परेशानी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर आज देशव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कर्मचारी पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह को तत्काल लागू करने और लंबित वेतन संबंधी मुद्दों को सुलझाने की मांग कर रहे हैं। यूएफबीयू सात संघों का एक शीर्ष निकाय है। यह अधिकारियों और कर्मचारियों की 90 फीसदी संख्या का प्रतिनिधित्व करता है। हड़ताल के कारण देश भर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अधिकांश शाखाएं पूरी तरह या आंशिक रूप से बंद रहीं। हालांकि, निजी क्षेत्र के बैंकों के कामकाज पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। बैंक संघों ने सभी शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग की है। यह एक मुख्य बिंदु है जिस पर मार्च 2024 में इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के साथ 12वें द्विपक्षीय समझौते में कथित तौर पर सहमति बनी थी।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 30 देशों और संगठनों के प्रमुख लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत की मेजबानी में शनिवार से यहां हो रहे दो दिन के 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों और साझेदार देशों के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय संगठनों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख तथा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। ब्रिक्स के सदस्य देशों के नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबिय अहमद अली, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा शामिल हैं। ब्राजील और सऊदी अरब का प्रतिनिधित्व क्रमशः विदेश मंत्री माउरो विएरा और विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद करेंगे। संयुक्त अरब अमीरात की ओर से अबू धाबी के युवराज और अबू धाबी कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान हिस्सा लेंगे।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत इस सम्मेलन के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए सम्मेलन के बारे में एक वीडियो भी साझा किया है। साझेदार देशों में बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम शामिल हैं। इनमें कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम समेत संबंधित देशों के शीर्ष नेता और प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

# कड़ी सुरक्षा घेरे में दिल्ली

## 15,000 पुलिसकर्मी, 200 कंपनियां मुस्तैद

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राजधानी दिल्ली में आगामी 12 और 13 सितंबर को आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस काम में दिल्ली पुलिस के लगभग 15,000 जवानों और अर्धसैनिक बलों की करीब 200 कंपनियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था का मुख्य केंद्र मुख्य आयोजन स्थल भारत मंडपम, विदेशी नेताओं के ठहरने के होटल, हवाई अड्डा और वीवीआईपी काफिलों के मार्ग रहेंगे। इन सभी रास्तों पर विशेष कैमरों के जरिए निगरानी और यातायात की चैकिंग बढ़ा दी गई है। दिल्ली के 11 प्रमुख होटलों में एनएसजी अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष सुरक्षा दल तैनात किए गए हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों का आगमन आज से शुरू हो जाएगा। विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा प्रभाग) मनीष कुमार अग्रवाल के अनुसार, सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभी मार्गों और स्थानों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के चलते मध्य दिल्ली और आसपास के इलाकों में यातायात प्रभावित रहेगा, जिसके लिए दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से सहयोग की अपील की है। इस सुरक्षा घेरे को गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एनएसजी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के समन्वय से तैयार किया गया है।

# भारत 10वीं बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में



**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत 10वीं बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 40 रन से हराया। भारत 4 बार वनडे और अब छठी बार टी-20 फॉर्मेट के फाइनल में पहुंचा है। वनडे के चारों फाइनल भारत ने जीते हैं। टी-20 में टीम 2012, 2016 और 2022 में चैंपियन बनी, जबकि 2018 और 2024 में रनर-अप रही थी। दुबई में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 40 गेंद पर 64 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऋचा घोष ने 21 रन बनाए। 150 रन के जवाब में बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर 109 रन ही बना सकी। दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। नंदनी शर्मा को आखिरी ओवर में 2 विकेट मिले।

**भारत :** शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा। **बांग्लादेश :** दिलारा अख्तर, जुएरिया फेरदौस, शोभना मोस्तारी, निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), शर्मीन अख्तर, शोर्ना अख्तर, फहीमा खातून, नाहिदा अख्तर, राबेया खान, सुल्ताना खातून, मारुफा अख्तर।

### 13 सितंबर को फाइनल

**फाइनल 13 सितंबर को रात 8 बजे से दुबई में खेला जाएगा। भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में आज श्रीलंका और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे।**


PMH Pulkit Memorial Hospital

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल


यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट

DJ Stent क्या है?

किडनी से मूत्राशय तक रास्ता खुला रखने वाली एक छोटी लेकिन बहुत महत्वपूर्ण मदद!

DJ स्टेंट क्या होता है?

DJ स्टेंट (Double J Stent) एक पतली, लचीली नली होती है, जिसे किडनी से मूत्राशय तक डाला जाता है। यह किडनी में बनने वाले मूत्र के बहाव को सही रास्ता देता है और रुकावट या सूजन की स्थिति में मदद करता है।




किन परिस्थितियों में लगाया जाता है?

- किडनी स्टोन के कारण मूत्र का रास्ता बंद होने पर
- मूत्राशय या मूत्रवाहिनी में रुकावट होने पर
- किडनी या यूरिटर की सर्जरी के बाद
- किडनी में सूजन या इन्फेक्शन की स्थिति में

DJ स्टेंट लगाने के फायदे

मूत्र के बहाव में सुधार | दर्द और सूजन में राहत | किडनी पर दबाव कम होता है | सर्जरी के बाद सुरक्षा प्रदान करता है | गुर्दे की कार्यक्षमता को बनाए रखने में मदद

अगर आपको किडनी स्टोन, मूत्र में रुकावट या बार-बार दर्द की समस्या है,

तो समय पर जांच और उचित इलाज कराएं।

स्वस्थ किडनी, स्वस्थ जीवन!

9897959151, 9719775240

BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701

आज ही हमारे विशेषज्ञ से सलाह लें





महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में

100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# सड़क किनारे खाना खा रहे तीन लोगों को कार ने रौंदा, मौत

## दो बच्चे हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे

### रूद्रपुर से पंजाब घोड़ों के मेले में घोड़े बेचने जा रहे थे

नजीबाबाद (चिंगारी)। हाईवे पर सरवनपुर के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में रुद्रपुर (उत्तराखंड) के ग्राम जगतपुर के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार दो बच्चे हादसे का शिकार होने से बच गये। यह लोग रूद्रपुर से पंजाब घोड़ों के मेले में घोड़े बेचने जा रहे थे। सरवनपुर तिराहे पर कार रोककर खाना खाते समय वह स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी। बोलेरो कार संख्या बीपी 29 एफ-9377 से रुद्रपुर से अमृतसर घोड़ों के मेले में जा रहे पांच लोग जिनमें दो बच्चे भी थे। सरवनपुर तिराहे पर अपनी कार हाईवे पर एक स्थान पर रोक कर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए कार चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी,



घटना स्थल पर एक्सीडेंट की जांच करती थाना पुलिस।

जिससे 3 व्यक्तियों मनदीप सिंह (25 वर्ष) पुत्र लाल सिंह, अर्शदीप सिंह (28 वर्ष) पुत्र नामालूम तथा जग्गू की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। जबकि कार सवार दो बच्चों 11 वर्षीय प्रिंस पुत्र परमजीत सिंह व 12 वर्षीय सनी पुत्र दलेर सिंह निवासी सभी पंजाब के किसी प्रकार के कोई चोट नहीं आई तथा वह हादसे का शिकार होने से बच गये। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया। बताया जाता है कि उक्त लोग रूद्रपुर से पंजाब के अमृतसर घोड़ों के मेले में दो घोड़े लेकर जा रहे थे। पुलिस ने मौके से टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में ले लिया। जबकि टक्कर मारने वाला चालक मौके से फरार हो गया।



## हाईवे पर अवैध रूप से बनी 25 दुकानों पर चला बुलडोजर

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से भागूवाला में 'बस स्टॉपेज स्टैंड' को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। हाईवे की सीमा में आ रहे निर्माणाधीन दुकानों को हटाने के लिए गुरुवार को बुलडोजर चलाया गया। जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। एनएचएआई के एसडीओ विनोद उनियाल अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने 25 दुकानों पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण को हटवाया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से की जा रही इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य बस स्टैंड सहित हाईवे क्षेत्र को निर्धारित सीमा के अनुसार व्यवस्थित करना है। जहां पर बस स्टैंड बनना है वहां पर सड़क के मध्य से 36 मीटर की दूरी तक हाईवे की सीमा के अनुसार कार्रवाई की गई है। सभी दुकानदारों को पूर्व में नोटिस दिए गए थे। तय समय के बाद अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया है। भागूवाला में एनएचएआई मार्ग पर बस स्टॉपेज स्टैंड बनाया जाएगा जिसकी पैमाइश की गई है। पूर्व में क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर में भी एक रेस्टोरेंट से अवैध निर्माण पर भी बुलडोजर चलाया गया था। इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कम मचा हुआ है। इस मौके पर एसडीओ विनोद उनियाल, कुलविंदर सिंह, अंकुश कुमार व मंडावली थाने के एसएसआई योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## अवैध नर्सिंग होम के मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर एक लाख से अधिक की दवाइयां जब्त

### नजीबाबाद में ड्रग्स विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, एफआईआर दर्ज



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के बुंदकी रोड स्थित कथित रूप से अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व उसके मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर पीयूष कुमार शर्मा ने छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई करते हुए वहां से करीब एक लाख रुपये से अधिक कीमत की दवाइयां जब्त कर ली। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि मौके पर मेडिकल स्टोर का कोई स्पष्ट नाम या साइनबोर्ड नहीं था। जांच के दौरान फार्मासिस्ट व तकनीकी व्यक्ति की मौजूदगी भी नहीं मिली। इसके चलते दवाओं के रखरखाव व बिक्री को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। कार्रवाई रुकवाने के लिए एक नेता ने दबाव बनाकर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया मगर वह इसमें सफल नहीं हो पाया। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान नर्सिंग होम व मेडिकल स्टोर संचालकों की ओर से कानूनी कार्रवाई रुकवाने के लिए कुछ लोगों को कथित तौर पर 'माननीय' बताकर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। इसके बावजूद ड्रग विभाग की कार्रवाई जारी रही। टीम ने दवाइयां जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कराई। ड्रग इंस्पेक्टर पीयूष कुमार शर्मा की गिनती विभाग के सक्रिय अधिकारियों में की जाती है। इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से दवा कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति बताई जा रही है। आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर सवाल यह है कि यदि जांच में बिना आवश्यक लाइसेंस अथवा योग्य फार्मासिस्ट की मौजूदगी के दवाओं की बिक्री की पुष्टि होती है, तो यह आमजन के स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर विषय है। अब यह भी जांच का विषय है कि संबंधित नर्सिंग होम व मेडिकल स्टोर का संचालन किन नियमों व अनुमतियों के आधार पर किया जा रहा था।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

बुलेट बाइक पर जा रहे युवक पर
गुलदार ने झपट्टा मारा (पेज 11)



# समाजवादी पार्टी की जम्बो जेट जिला कार्यकारिणी घोषित

## 26 उपाध्यक्ष, 40 सचिव, 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये




जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव

**बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी ने लंबे इंतजार के बाद आज अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिलाध्यक्ष हनी फैसल व जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। दोनों नेताओं ने दावा किया कि कार्यकारिणी में समाज के सभी धर्मों, जातियों और वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है।**

जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर पार्टी हाईकमान के अनुमोदन के साथ-साथ सांसद, विधायकगण, पूर्व विधायक और वरिष्ठ पार्टी नेताओं से सुझाव लिए गए। सभी  से प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया गया।  जिला कार्यकारिणी में 26 उपाध्यक्ष और 40 सचिव बनाए गए हैं।

श्री ठा. योगेंद्र पाल सिंह हल्दौर, नैनसिंह पाल बास्टा, चंदन सैनी मो.पुर देवमल, कमरूल इस्लाम शेरकोट, अखिलेश कुमार जाटव किरतपुर, मो. इरफान तिसोतरा, शाकिर रजा बसी किरतपुर, अय्यूब अंसारी मीरापुर अफजलगढ़, मो. जाहिद हर्सवाड़ा, ओमप्रकाश सिंह बूढ़पुर नैन सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह कुआंखेड़ा खादरी, मुदित त्यागी बेगराजपुर, राजपाल विश्वकर्मा खोसपुरा नहटौर, चौधरी दारा सिंह जलीलपुर काजी, महमूद कस्सार धामपुर, अब्दुल कलाम अंसारी धामपुर, यूनुस ताऊ चांदपुर, ब्रह्मपाल सिंह चांदपुर, डा. जमीरुददीन उस्मानी बिजनौर, अब्दुल सलाम बिजनौर, नाजिर प्रधान शिवाला कलां, एजाज अंसारी रवाना शिकारपुर, गुलफाम अंसारी मेवाजट नूरपुर, असलम कुरैशी कोतवाली देहात, अबरार मलिक बूढ़नपुर, शहजाद अंसारी टांडा माईदास और शेख शमीम चांदपुर को जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया।

ग्राम रशीदपुर गढ़ी बिजनौर के चिराग सेठी को जिला कोषाध्यक्ष, अहमद खिजर खान को जिला मीडिया प्रभारी तथा अखलाक पप्पू को जिला कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कार्यकारिणी में 21 सदस्यों को भी शामिल किया गया है। इनके अलावा शेख सुलेमान, डा. रमेश तोमर, सांसद रुचि वीरा, विधायक मनोज पारस, स्वामी ओमवेश, तसलीम अहमद व राम अवतार सैनी, पूर्व सांसद यशवीर धोबी, पूर्व विधायक नईमुल हसन व मूलचंद चौहान तथा लाखन सिंह पाल को कार्यकारिणी में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया है।

विशेष आमंत्रित सदस्यों में मनोज कुमार व दीपक सैनी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर उदयन वीरा व नसरीन सैफी, पूर्व जिलाध्यक्ष शेख आबिद, राशिद हुसैन, जमील अंसारी व अनिल यादव, पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर, अमित चौहान, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, आसिफ शान, दिलशाद अंसारी व मो. मैराज, सत्यपाल सिंह, शमशाद अंसारी, पूर्व चेयरमैन फरीद अहमद, इरशाद अंसारी, मुअज्जम खां, ऊदल सिंह चौहान, जावेद अख्तर, महमूद कुरैशी, मुनव्वर अली, अशोक कुमार आर्य, अनवर खां मंसूब, सुखवीर ठेकेदार को विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची में शामिल किया गया है।

### संगठन को मजबूती मिलेगी- धनंजय

**जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से जिले में पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।**

## हाथ में लेकर फूल खिले-खिले व्यापारी नवागत एसपी से मिले



**बिजनौर (चिंगारी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बिजनौर के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई से भेंट कर जनपद आगमन पर उनका व्यापारियों की ओर से स्वागत किया और व्यापारियों की समस्यायों से भी अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष विनीत राजपूत, प्रदेश प्रवक्ता गोपाल धीमान, प्रदेश मीडिया प्रभारी अवनीश निगम, प्रदेश मंत्री विवेक गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनिल गंभीर, नगर प्रभारी सुरेंद्र कपूर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विजयन्त अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश टिंकू, क्षेत्रीय मंत्री अमित पिंकी, नगर महामंत्री हिमांशु शर्मा सोनू, राजीव अरोड़ा,अक्षय अग्रवाल नगर प्रभारी युवा उपस्थित रहे।

Hero

★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू

Hero

पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## मनरेगा और भ्रष्टाचार

केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर भले ही 'वीबी जी राम जी' कर दिया गया हो, पर मनरेगा का प्रभाव अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में कम नहीं हुआ है। मनरेगा ( महात्मा गांधी रोज़गार गारंटी योजना ) आज भी चर्चा में है। इस योजना से बड़े पैमाने पर बेरोज़गारों को काम मिला, मगर इसके दौरान भ्रष्टाचार के आरोप भी खूब लगे। अपने प्रथम कार्यकाल में यूपीए सरकार द्वारा 2005 में मनरेगा को इस उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था कि प्रत्येक व्यक्ति को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी जा सके। निचले स्तर पर गरीबी-बेरोजगारी को देखते हुए तत्कालीन दौर में इसके प्रति लोग काफी आशान्वित नजर आये। अनुमान लगाया गया कि मनरेगा से एक तरफ जहां बेरोजगारी की समस्या से कुछ निजात मिलेगी, वहीं ग्रामीण परिवारों को गरीबी से भी राहत मिलेगी। लेकिन पौने दो लाख करोड़ की इस योजना के 20 साल पूरे होने के बाद आज अगर मनरेगा के उद्देश्यों व तय लक्ष्यों के मानदंडों पर इसका मूल्यांकन करें तो स्थिति अलहदा नजर आती है। निचले स्तर पर या ग्राम-पंचायत स्तर पर मनरेगा के तहत जिस रोजगार की गारंटी का सपना देखा गया, वह मनरेगा ग्राम-पंचायतों के प्रधानों, ग्राम-सचिवों एवं छोटे-बड़े अधिकारियों के भ्रष्टाचार व काली कमाई का जरिया बन चुका है। मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार की बात तो कई राज्य सरकारें भी स्वीकार चुकी हैं। तमाम सरकारी रिपोर्ट्स में इस बात का खुलासा हो चुका है कि मनरेगा का इस्तेमाल जितना बेरोजगारों को रोजगार देने व विकास के कार्य में नहीं हो रहा, उससे ज्यादा इसके पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। नाम बदलने के बावजूद यह हालात नहीं बदले हैं। मनरेगा में रोजगार देने के नाम पर पंचायत स्तर पर मची इस लूट के उदाहरण अब आम बात है। शायद ही कोई ग्राम-पंचायत हो, जहां इस योजना की आड़ में पैसे का हेर-फेर न किया जा रहा हो। लगभग 200 जिलों एवं 15 हजार करोड़ के बजट के साथ शुरू हुई यह योजना आज की तारीख में लगभग 624 जिलों एवं लगभग दो लाख करोड़ से ज्यादा के बजट तक पहुंच चुकी है। कार्यक्षेत्र में फैलाव एवं बजट राशि में हुए विस्तार के साथ ही इस योजना में भ्रष्टाचार का भी बोलबाला खूब बढ़ा है।

# 9/11 लम्हों ने ख़ता की थी सदियों ने सज़ा पाई

## एक हादसा, जिसने दुनिया बदल दी और मुसलमानों के हिस्से में आया अविश्वास

**कभी-कभी इतिहास में कुछ लम्हें ऐसे आते हैं, जो घड़ी की सुइयों के साथ आगे नहीं बढ़ते। वे वहीं ठहर जाते हैं- लोगों की स्मृतियों में, समाज की सोच में और आने वाली पीढ़ियों के सवालों में। 11 सितंबर 2001 भी ऐसा ही एक लम्हा था।**

न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुआ आतंकवादी हमला मानवता के इतिहास की सबसे भयावह घटनाओं में शामिल है। निर्दोष लोगों की जान गई, परिवार उजड़ गए और पूरी दुनिया ने आतंकवाद का एक नया और भयावह चेहरा देखा। उस घटना की निंदा जितनी की जाए, कम है, लेकिन उस त्रासदी का एक दूसरा पहलू भी है, जिस पर बात करना ज़रूरी है।

कुछ लोगों के अपराध का बोझ धीरे-धीरे एक पूरे समुदाय के माथे पर रख दिया गया। आतंकवादियों की पहचान धर्म से जोड़कर देखी जाने लगी और दुनिया के करोड़ों शांतिप्रिय मुसलमानों को बार-बार अपने देश, समाज और पड़ोस के सामने यह साबित करना पड़ा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता।

### एक घटना और बदलती हुई निगाहें

9/11 के बाद अमेरिका में मुसलमानों के प्रति अविश्वास बढ़ा। शक, सुरक्षा जांच, निगरानी और सामाजिक दूरी जैसी स्थितियों का सामना अनेक लोगों को करना पड़ा। सिर पर टोपी, चेहरे पर दाढ़ी, मुस्लिम नाम या इस्लामी पहचान- कई बार ये सामान्य चीजें भी संदेह की वजह बनने लगीं।

सबसे दुखद बात यह थी कि जिस आतंकवाद से मुसलमान भी उतने ही पीड़ित थे, उसी आतंकवाद का प्रतिनिधि मानकर उन्हें देखा जाने लगा। कुछ लम्हों ने ख़ता की थी, मगर उसकी सज़ा सदियों तक एक समुदाय को भुगतनी पड़ी।

### आतंकवादियों का धर्म नहीं, अपराध होता है

किसी भी धर्म की मूल शिक्षा निर्दोष मनुष्य की हत्या नहीं हो सकती। इस्लाम हो, हिंदू धर्म हो, सिख धर्म हो, ईसाई धर्म हो या कोई अन्य आस्था- हर धर्म में मानव जीवन के सम्मान की बात कही गई है।

इसलिए आतंकवादी को सबसे पहले आतंकवादी कहना चाहिए। उसके अपराध को उसके पूरे धर्म और समुदाय के खाते में डाल देना न्याय नहीं, बल्कि पूर्वाग्रह है।



अगर किसी व्यक्ति का अपराध उसके पूरे समुदाय का अपराध बना दिया जाए, तो दुनिया का कोई भी समाज सुरक्षित नहीं रह सकता।

### पच्चीस साल बाद भी सवाल बाकी है

आज 9/11 को 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दुनिया आतंकवाद के ख़िलाफ़ पहले से कहीं अधिक सजग है। तकनीक बदली, सुरक्षा व्यवस्था बदली और आतंकवाद से लड़ने के तरीके भी बदले।

लेकिन क्या लोगों की मानसिकता पूरी तरह बदल पाई?

क्या आज भी किसी मुस्लिम नाम को देखकर मन में पहला सवाल यह नहीं उठता कि 'यह कौन है?'

क्या दाढ़ी और टोपी को देखकर संदेह की निगाहें पूरी तरह ख़त्म हो गई हैं?



क्या मुसलमानों को अब भी अपनी देशभक्ति और राष्ट्रनिष्ठा साबित करने की ज़रूरत नहीं पड़ती?

ये सवाल किसी एक देश या एक समुदाय के नहीं हैं। ये उस समाज के सवाल हैं, जो आतंकवाद से लड़ते-लड़ते कहीं अपने ही नागरिकों के बीच दीवारें खड़ी न कर दे।

### बच्चों को डर नहीं, इंसानियत विरासत में दें

आज ज़रूरत है कि हम आने वाली पीढ़ी को 9/11 की कहानी केवल आतंक और बदले की कहानी के रूप में न सुनाएं। उन्हें यह भी बताएं कि उस दिन निर्दोष लोग मारे गए थे, उनके परिवार टूटे थे और मानवता घायल हुई थी।

उन्हें यह भी समझाएं कि किसी अपराधी का धर्म उसके अपराध की जिम्मेदारी पूरे धर्म पर नहीं डालता।

नफ़रत का जवाब नफ़रत से देने पर समाज में केवल और नफ़रत पैदा होती है।

आतंकवाद का मुकाबला कानून से होना चाहिए, निर्दोष लोगों के ख़िलाफ़ पूर्वाग्रह से नहीं।

### एक बेहतर दुनिया की ओर

पच्चीस साल बाद 9/11 की सबसे बड़ी सीख शायद यही है कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई ज़रूरी है, लेकिन उसके साथ-साथ मानवता को बचाए रखना भी उतना ही ज़रूरी है।

किसी की दाढ़ी देखकर उसे आतंकवादी न समझें।

किसी के नाम से उसकी निष्ठा तय न करें।

किसी की धार्मिक पहचान को उसके अपराध का प्रमाण न बनाएं।

क्योंकि इतिहास हमें बताता है कि हादसे कुछ लम्हों में होते हैं, लेकिन उनके दाग़ पीढ़ियों तक रह जाते हैं।

इसलिए आज जब 9/11 के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, उन तमाम निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के साथ हमें यह संकल्प भी लेना चाहिए कि किसी के अपराध की सज़ा किसी निर्दोष समुदाय को नहीं दी जाएगी।

**लम्हों ने ख़ता की थी, सदियों ने सज़ा पाई।**

**अब वक्त है कि इंसानियत, उस सज़ा से आज़ाद हो।**

**-डा.अतीक 'दानिश'**

स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार

सम्पर्क -7906141418

# मुंह पर कपड़ा बांधे एक जना मोटरसाइकिल लेकर चलता बना



अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। रसूलाबाद-चकफेरी मार्ग पर कोल्हू के पास खड़ी एक बाइक को अज्ञात चोर लेकर फरार हो गया। चोरी की वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। लेकिन घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी चोरी हुई बाइक का पता नहीं चल सका है। जानकारी के मुताबिक गांव रसूलपुर आबाद निवासी शकील किसी काम से रसूलाबाद-चकफेरी मार्ग पर गया था। उसने अपनी बाइक कोल्हू के पास खड़ी कर दी और काम से चला गया। कुछ समय बाद लौटकर देखा तो बाइक वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने और जानकारी करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद शकील ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी तो एक व्यक्ति बाइक लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। फुटेज सामने आने के बाद ग्रामीणों ने चोर की पहचान कराने के लिए वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया है।

# बच्चों को अल्प बचत योजनाओं की जानकारी दी

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। डाक विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन स्थित संविलियन विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को विभाग की बचत योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें अल्प बचत के लाभ से अवगत कराया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को अल्प बचत योजनाओं के खाते खुलवाने हेतु प्रेरित भी किया, जिसके परिणामस्वरुप दर्जन भर से अधिक छात्र-छात्राओं ने अल्प बचत की अलग-अलग योजनाओं के खाते खुलवाए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार व शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने भी बच्चों को अल्प बचत को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डाक विभाग



की ओर से डाकघर धामपुर के सहायक अधीक्षक राज बहादुर सिंह, डाकपाल शाखा आसफाबाद चमन ललित शर्मा सहित शिक्षक गौतम पंकज, मीना रानी, पारुल रानी, रेनू आदि उपस्थित रहे।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## युवक पर हमले के आरोप में चार पर मुक़दमा दर्ज

शेरकोट (चिंगारी)। किसी बात को लेकर हुए झगड़े में चार युवकों ने एक युवक को मारपीटकर घायल कर दिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर निवासी अमन कुमार पुत्र राजकुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की रात आठ बजे उनका भाई विकास कुमार अपने साथी राजेश कुमार के साथ ग्राम पंचायत की लाइब्रेरी में पढ़ाई करने जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान मोहित व प्रयांशु निवासीगण ग्राम गड़वावाला थाना अफ़जलगढ़ अपने दो साथियों के साथ आये और गालियां देने लगे। आरोप है कि मना करने पर चारों ने लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए विकास के सिर में डंडा मार दिया। इस बात का पता लगने पर परिजन जब बचाने के लिए पहुंचे तो उन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि अमन कुमार की तहरीर पर मोहित व प्रयांशु निवासीगण गड़वावाला थाना अफ़जलगढ़ व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया गया है।

## भाजपा नेत्री लीना सिंघल ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल ने ग्राम आलोपुर पहुंचकर गांव निवासी मानसिक रूप से कमजोर महिला बबीता को गुलदार द्वारा मौत के घाट उतारने की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया व हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। श्रीमती लीना सिंघल ने मौके पर मौजूद एसडीएम, सीओ व रेंजर से वार्ता कर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों की समस्या से अवगत कराते हुए ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं त्वरित कदम उठाने की मांग की। उन्होंने प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों द्वारा गुलदार के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेत्री लीना सिंघल के साथ चौधरी ईसम सिंह, चौधरी कुलवीर सिंह, पवन चौधरी, डॉ. नीरज कुमार, पूर्व प्रधान समरपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, रवि चौधरी, गजेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, कपिल चौधरी, अमित गौतम, विष्णु कुशवाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उधर आलोपुर में महिला को गुलदार द्वारा मारने की घटना पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने गांव में धरना देने के साथ बाद में डबल फाटक पुल पर पहुंचकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुल पर जाम लगने से यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। पुलिस ने रूट डायवर्ड कर वाहनों को अन्य मार्गों से भेजा।



# भट्टे के पास दिखा मगरमच्छ लोग दौड़े, शोर गया मच

अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला बेगम सराय में बृहस्पतिवार देर रात नहर किनारे मगरमच्छ दिखाई देने से लोगों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ देखे जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नगरवासी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया।



जानकारी के अनुसार, इस्माइल भट्टे वालों के भट्टे के पास सलीम भट्टे वालों के नये मकान के निकट नहर किनारे रात करीब 11 बजे एक व्यक्ति ने मगरमच्छ को देखा। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को होने पर उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के दरोगा सत्यवीर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद वन विभाग की टीम मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने में कामयाब रही। रेस्क्यू के दौरान इनायतउल्ला उर्फ रांझा रिक्शे वाले के पुत्र नौशाद अहमद ने भी वन विभाग की टीम का सहयोग किया। अधिकारियों के आदेश के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित सरकारी बड़े तालाब में छोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी मोहल्ले में मगरमच्छ दिखाई दिया था। अब दोबारा मगरमच्छ मिलने से मोहल्ले के लोगों में डर का माहौल बन गया। हालांकि मगरमच्छ के सुरक्षित पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 12 सितम्बर 2026**

**मेष-** आरोग्य सुख, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, शत्रु परास्त, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उल्लास का वातावरण, राजनीतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, बुद्धि का विकास।

**वृषभ-** आर्थिक स्थिति में क्रमिक सुधार, मेल-मिलाप में अभिरुचि, आपसी तनाव में कमी, धनागम का सुयोग, मित्र सहायक, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**मिथुन-** दिन अशुभ, इच्छित सफलता में व्यवधान, प्रियजनों से मनमुटाव, मेल-मिलाप में अरुचि, द्रव्य की क्षति, प्रतियोगिता में विफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी।

**कर्क-** कठिनाइयों का निराकरण, उपहार या सम्मान का लाभ, आत्मीयजनों से सम्पर्क, योजना फलीभूत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु व्यय।

**सिंह-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, मनोरंजन की ओर रुझान, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति, विवाद का समापन, अत्यधिक प्रसन्नता।

**कन्या-** दिनमान अनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, आत्मिक शांति, स्वजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति का विकास।

**तुला-** निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा, किसी बात को लेकर परेशानी, कर्ज की अधिकता क्रोध से मानसिक अशांति, सहयोगियों से कष्ट, यात्रा असन्तोषजनक, धन हानि।

**वृश्चिक-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति प्रयत्नशील, यात्रा सफल।

**धनु-** योजना साकार होने की ओर, शत्रु हानि पहुंचाने में विफल, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि।

**मकर-** कठिनाइयों में कमी, पारिवारिक समस्याएँ हल होने को, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

**कुम्भ-** दिनचर्या अव्यवस्थित, आहार-विहार में अनियमितता, पारिवारिक तनाव, कर्ज की अदायगी की चिन्ता, धर्म के प्रति अरुचि, कार्यक्षमता में कमी, अशांति भी।

**मीन-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार की प्राप्ति, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, कर्ज की अदायगी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# दिशा इन्स्टीट्यूट में गेस्ट लेक्चर एवं करियर गाइडेंस का आयोजन

## विद्यार्थियों को आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था सम्बंधी जानकारी दी



**धामपुर ( चिंगारी )।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बी.कॉम, बीबीए एवं एमबीए के छात्र-छात्राओं के लिए गेस्ट लेक्चर एवं करियर गाइडेंस सेशन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डॉ. दुष्यंत जैन प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती, द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया। विशेषज्ञ वक्ता अमरीश कुमार मुख्य प्रबन्धक व विपिन सैनी क्षेत्रीय अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक धामपुर ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था में रिस्क मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सिक्योरिटी तथा भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों तथा बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे और विशेषज्ञ से मार्गदर्शन प्राप्त किया। संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे गेस्ट लेक्चर विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं मैनेजमेंट विभाग की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकायें विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड डॉ. समीर अहमद, चीफ प्रोक्टर गौरव मलिक, प्रोक्टर जितेन्द्र कुमार, डॉ. एकता मलिक, नाजिश, निधि चौहान, राजेश कुमार, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, जीत सिंह, सचिन कुमार, रितिका शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## फर्जी दस्तावेज पर किराया नामा करने का आरोप

**धामपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के नीन्दड़ू निवासी डॉ. अतहर जुनेद चन्दन ने एसबीआई शाखा अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर एकल व्यक्ति को किरायानामा करने व उसे किराया देने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही हेतु न्यायालय की शरण ली है। डॉ. अतहर जुनैद चंदन का कहना है कि यह कार्य वर्ष 2014 व 2024 से निरन्तर किया जा रहा है। बार बार कहने पर भी अधिकारी नहीं मान रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सूचना ना देने पर डॉ. चन्दन ने केन्द्रीय सूचना अयोग में दस्तक दी। उनका कहना है कि फर्जी कार्य की पोल खुलने पर भागने की फिराक मे बैंक अधिकारी लगें हैं। उनका कहना है कि परिसर में अवैध रूप से जीओ आफिस व जन सेवा केंद्र भी संचालित है।

## पंकज कुमार दक्ष का स्वागत किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश प्रभारी डॉ. लोकेश कुमार प्रजापति एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति ने कोडीपुरा स्थित डॉ. लोकेश कुमार प्रजापति के आवास पर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) बिजनौर के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष का पटका पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंकज कुमार दक्ष जनपद बिजनौर की आन, बान और शान हैं। उन्होंने अपने सामाजिक, संगठनात्मक एवं पत्रकारिता कार्यों के माध्यम से न केवल जनपद बिजनौर बल्कि उत्तर प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों में भी प्रजापति समाज को नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रजापति समाज हर परिस्थिति में जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष के साथ खड़ा रहेगा। अपने सम्मान से अभिभूत पंकज कुमार दक्ष ने स्वागत करने वाले सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## पशुओं को लंपी रोग से निजात दिलाने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीति द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन देकर पशुओं में फैल रहे लंपी रोग के निदान की मांग की गई। गांव-गांव में पशुओं में लंपी रोग होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए पशु चिकित्सा अधिकारी से मांग की गई है कि पशुओं को लंपी रोग की वैक्सीन लगवा कर इस बीमारी से निजात दिलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में दुष्यंत राणा, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरिओम सिंह, सुशील कुमार, जयपाल सिंह, सुरेश सिंह आदि शामिल रहे।

## गौकशी के आरोप में सात गिरफ्तार



**स्योहारा ( चिंगारी )।** गौकशी कर मांस ले जाने तथा अवशेष डालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऐके श्रीवास्तव ने बताया कि मोहित पुत्र करनवीर निवासी जोशियान ने तहरीर देते हुए सात लोगों पर आरोप लगाया था कि इनके द्वारा गांव सदाफल में गाय काट उसका मांस ले जाने तथा अवशेष डाल दिये गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गाय के अवशेषों को जमीन में दबा दिया था। पुलिस ने कई टीमें बनाकर आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसमें फरियाद पुत्र इमामी, शराफत पुत्र मुश्तकीम, छोटू उर्फ सुहैल, बाबू पुत्र कलवा, नन्हे उर्फ इस्लामुद्दीन पुत्र मुश्तकीम, अशरफ उर्फ चुन्नू पुत्र अकबर, एहसान पुत्र गामा निवासीगण सदाफल को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पशु कटान के उपकरण बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उमेशचंद, उ.नि. नरेन्द्र कुमार, उ.नि. प्रमोद शर्मा, हे.का. सरित सिंह, हे. का. मनोज कुमार, का. अमित, का. परीक्षित, का. कपिल शामिल रहे। प्रेस वार्ता में सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी।

## ठाठ जट में लगा स्वास्थ्य शिविर




### 154 मरीजों की जांच की गई

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव ठाठ जाट में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर के दिशा निर्देशानुसार एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 154 मरीजों की जांच कर दवाई प्रदान की गई। बुखार के रोगियों के कार्ड एवं स्लाइड की जांच की गई, जिसमें कोई भी धनात्मक नही पाया गया। इस अवसर पर निःशुल्क मलेरिया स्लाइड दवाई वितरण, लार्वा साइड का छिड़काव कराया गया। राहुल कुमार हेल्थ सुपरवाइजर द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। टीम में डॉ. प्रगति, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राहुल देव, विजेंद्र यादव फार्मासिस्ट, निधि रानी स्टॉफ नर्स, ब्रजेश कुमार और शहनवाज लैब टेक्निशियन, राहुल कुमार हेल्थ सुपरवाइजर अंकित कुमार आदि शामिल रहे।

# महिलाओं के साथ खड़ा है आयोग- विजय रहाटकर

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने सुनी महिलाओं की पीड़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजय रहाटकर ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पूर्व में चिन्हित 30 और नई 90 शिकायतों समेत कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें पोक्सो एक्ट, दहेज उत्पीड़न, पेंशन, आवास और ससुराल में उत्पीड़न से संबंधित मामले प्रमुख रहे। आयोग की अध्यक्ष ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सभी शिकायतों की जांच कर 15 दिन के भीतर गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष विजय रहाटकर ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग हर कदम पर महिलाओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त न करें और इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय महिला आयोग में भी करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही उपलब्ध सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।



### सकारात्मक परिणाम आये

**महिला जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। आपसी मनमुटाव के चलते अलग रह रहे तीन दंपतियों ने विवाद सुलझाकर साथ-साथ रहने पर सहमति जताई। आयोग की पहल से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया।**

### प्रशासन की सराहना की

विजय रहाटकर ने जिलाधिकारी जसजीत कौर के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा महिला जनसुनवाई के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला संबंधी शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई समेत पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### समूह की महिलाओं से संवाद किया

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने नगर के एक रिजॉर्ट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से लखपति दीदी से महा लखपति दीदी बनने तथा स्वयं सहायता समूहों के रोजगार और कार्यों को और विस्तार देने का आह्वान किया। अध्यक्ष ने कहा कि एक पुरुष के शिक्षित होने से एक व्यक्ति शिक्षित होता है, जबकि महिला के शिक्षित होने से पूरी पीढ़ी शिक्षित होती है।

### विदुर ब्रांड की प्रशंसा की

उन्होंने स्वयं सहायता समूह के 'विदुर' ब्रांड की सराहना करते हुए महिलाओं को लगन और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सपनों के साथ कभी समझौता न करें और उत्तर प्रदेश व देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। इससे पूर्व उन्होंने कैंटीन का उद्घाटन कर स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन किया।

## प्रिशा को न्याय मिलेगा

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने पांच दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के पत्रकार संजीव मिश्रा की मासूम बेटी की एक हॉस्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही और उदासीनता के कारण मौत के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। संजीव मिश्रा उनकी धर्मपत्नी प्रीति मिश्रा ने कल राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के सामने न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि डाक्टर की लापरवाही से 6 अगस्त 2026 को उनकी सात साल की बेटी प्रिशा की मौत हो गई थी। सही इलाज न मिलने के कारण बच्ची ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने इस पर त्वरित संज्ञान लिया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर 5 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

# पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर रैली निकाली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत गुरुवार को बिजनौर में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विकास भवन से निकली रैली को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित अन्य संबंधित कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

रैली विकास भवन से प्रारंभ होकर नुमाइश ग्राउंड, जजी चौराहा, सुभाष चौराहा और बस स्टैंड होते हुए पुनः विकास भवन पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न संदेशों और नारों के माध्यम से आमजन को पोषण के प्रति जागरूक किया। संतुलित आहार अपनाने, कुपोषण से बचाव, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम तथा स्वस्थ पोषण संबंधी व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

### 8 अक्टूबर तक चलेगा पोषण माह

राज्य परियोजना निदेशक, पोषण अभियान, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर में 9वां राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर 2026 से 08 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## पांच कुओं की लाइन चोरी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** गत रात्रि चोरों ने पांच कुओं की एलटी लाइन से लगभग 1400 मीटर तार काट लिया। जेई देहात ने बताया कि कल रात नहटौर रोड पर आरके इंटरनेशनल स्कूल से थोड़ा आगे किसान कार्मेंद्र के कुएं पर लगे डबल पोल से जाने वाली पांच कुओं की एलटी लाइन चोर काट कर ले गये। जेई ने बताया कि थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। ज्ञात हो कि इसी माह की 3 सितंबर को इसी जगह से थोड़ी दूर स्वर्गीय लाला हरिद्वार लाल के कुएं से लगभग 350 मीटर तार भी चोरी कर लिया था तथा पिछले माह ग्राम शाहपुर सुक्खा में 11000 की लाइन का लगभग 800 मीटर तार चोरी हो गया। 20 दिन में तीन जगह के तार कटने से किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों ने थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी से ग्रामीण इलाकों में रात को गश्त बढ़ाने की मांग की।



# बिजनौर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक फैलता गुलदार का आतंक

-दिगम्बर सिंह




लगातार बढ़ती जनहानि, सैकड़ों रेस्क्यू और सैकड़ों गांवों में दहशत के बाद भी यदि समाधान पिंजरे तक सीमित है, तो सरकार को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा। बिजनौर के गन्ने के खेतों से उठी गुलदार के आतंक की आवाज अब मुरादाबाद मंडल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दूसरे जिलों तक सुनाई देने लगी है। सवाल अब यह नहीं है कि अगला गुलदार कहां दिखाई देगा या अगला हमला किस गांव में होगा। असली सवाल यह है कि सरकार और वन विभाग इस बढ़ते मानव-गुलदार संघर्ष को कब एक क्षेत्रीय और दीर्घकालिक समस्या मानकर उसके समाधान की ठोस रणनीति बनाएंगे? बिजनौर में पिछले कुछ वर्षों में गुलदार के हमलों ने जिस तरह जनजीवन को प्रभावित किया है, वह सामान्य वन्यजीव घटना नहीं रह गई है। मार्च 2026 में प्रकाशित रिपोर्ट में 2023 से तीन वर्षों के दौरान 36 लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया था। अगस्त तक अलग-अलग रिपोर्टों में यह संख्या 37 तक पहुंचने की जानकारी दी गई। इसी वर्ष साढ़े सात महीनों में 48 गुलदार पकड़े जाने की बात भी सामने आई, जबकि एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार आठ महीनों में यह संख्या 50 तक पहुंच गई है और विडंबना देखिए-एक ओर गुलदार पकड़े जा रहे हैं, दूसरी ओर नये हमले रुक नहीं रहे। 20 अगस्त को बिजनौर के खुशहालपुर मड़का गांव में छह-सात वर्षीय बच्चे अनिकेत की मौत ने एक बार फिर पूरे इलाके को झकझोर दिया। परिवार रातभर बच्चे को खोजता रहा और सुबह खेत में उसके शरीर के अवशेष मिले। वन विभाग ने इसके बाद पिंजरा लगाने और गुलदार की तलाश शुरू की। यह सिर्फ एक परिवार का दु:ख नहीं है। यह उस भय की तस्वीर है, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ग्रामीण समाज आज जी रहा है।

## पिंजरे बढ़ रहे हैं, लेकिन डर कम नहीं हो रहा

बिजनौर में वन विभाग द्वारा लगातार पिंजरे लगाए जा रहे हैं। अगस्त में 120 से अधिक पिंजरों की जानकारी सामने आई, जबकि अन्य रिपोर्टों में करीब 100 पिंजरों और लगभग 400 गांवों में निगरानी का उल्लेख है। मुरादाबाद और बिजनौर के करीब 500 गांवों में सतर्कता की स्थिति बताई गई है। यह वन विभाग की सक्रियता को नकारने का विषय नहीं है। अधिकारी और कर्मचारी अपनी सीमित परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। समस्या यह है कि जिस समस्या का स्वरूप बदल चुका है, उसके सामने पुरानी कार्यप्रणाली कितनी कारगर है? एक गुलदार पकड़ लिया जाता है। कुछ दिन राहत मिलती है। फिर दूसरे गांव में गुलदार दिखाई देता है, वहां पिंजरा लगाया जाता है, फिर कोई हमला होता है। यह चक्र वर्षों से चल रहा है, इसलिए अब सवाल पिंजरों की संख्या का नहीं, रणनीति की सफलता का होना चाहिए। बिजनौर में 1123 ग्राम पंचायतें और हजारों मजरे हैं। गांवों की आबादी खेतों से सटी हुई है। किसान सुबह से शाम तक खेतों में रहता है। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हिस्सा है। दूसरी ओर गन्ने के खेत गुलदार को ऊंचा, घना और लंबे समय तक सुरक्षित आवरण देते हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञों और वन अधिकारियों के बीच गन्ने के खेतों को गुलदारों के महत्वपूर्ण आश्रय के रूप में देखा जा रहा है। हाल की रिपोर्टों में अधिकारियों ने ऐसे गुलदारों को खेतों में जन्म लेने और वहीं रहने वाला बताया है। अर्थात समस्या केवल यह नहीं है कि गुलदार जंगल से निकलकर खेत में आ गया। कई स्थानों पर खेत ही उसके लिए वैकल्पिक आवास बन चुका है। और जब खेत तथा घर के बीच की दूरी कुछ मीटर हो, तब मानव और वन्यजीव के बीच टकराव की संभावना कितनी गंभीर होगी, इसे समझना कठिन नहीं।

# अब पिंजरे नहीं, ठोस रणनीति की जरूरत

## कितने गुलदार?



2022 के राष्ट्रीय वैज्ञानिक आकलन में उत्तर प्रदेश में गुलदारों की अनुमानित संख्या 371 थी, जो 2018 के 316 से अधिक थी। यह आंकड़ा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्यजीव संस्थान के आकलन पर आधारित है। दूसरी ओर 2026 में बिजनौर वन विभाग ने अकेले बिजनौर जिले में 300 से अधिक गुलदार होने का अनुमान व्यक्त किया है और इसी कारण जिले में वैज्ञानिक गणना शुरू कराई गई है। विशेषज्ञ दल संघर्ष वाले क्षेत्रों और हॉटस्पॉट का अध्ययन कर रहा है। दोनों आंकड़ों के बीच यह अंतर अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

## पिंजरे से समस्या हल नहीं होगी

यह बात अब स्पष्ट होनी चाहिए कि पिंजरा समाधान का एक उपकरण हो सकता है, लेकिन समाधान स्वयं नहीं। विशेषज्ञों ने भी यह सवाल उठाया है कि किसी गुलदार को पकड़कर दूसरे स्थान पर छोड़ देने से संघर्ष समाप्त नहीं होता। विस्थापित गुलदार अपने पुराने क्षेत्र की ओर लौटने का प्रयास कर सकता है और रास्ते में नये क्षेत्रों से गुजरते हुए संघर्ष की स्थिति पैदा कर सकता है। इसलिए हर पकड़े गए गुलदार के साथ एक वैज्ञानिक प्रोटोकॉल होना चाहिए, उसकी पहचान हो, उसकी उम्र और लिंग दर्ज हो। फोटो या डीएनए आधारित रिकॉर्ड बने। उसके पिछले हमलों और गतिविधियों का रिकॉर्ड देखा जाए। फिर विशेषज्ञ तय करें कि उसे कहां और किस परिस्थिति में छोड़ा जाना उचित है। एक ही इलाके में बार-बार नये गुलदार क्यों आ रहे हैं, इसका अध्ययन किए बिना केवल उन्हें पकड़ते रहना ऐसा है जैसे बीमारी के लक्षण का इलाज किया जाए और कारण को छोड़ दिया जाए।

## क्या प्रजनन नियंत्रण पर विचार होना चाहिए?

बिजनौर में नर गुलदारों की प्रजनन क्षमता नियंत्रित करने के लिए बधियाकरण अथवा अन्य उपायों का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की चर्चा सामने आई है। यह विचार असामान्य अवश्य है, लेकिन इसे केवल राजनीतिक या भावनात्मक प्रतिक्रिया के रूप में खारिज अथवा स्वीकार करना दोनों ही गलत होंगे। यदि सरकार इस दिशा में विचार करती है तो भारतीय वन्यजीव संस्थान, पशु चिकित्सकों, वन्यजीव विशेषज्ञों और कानून विशेषज्ञों की स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति बनाई जानी चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि क्या यह व्यावहारिक है, किस क्षेत्र में किया जा सकता है, कितने जानवरों पर किया जाना होगा, इसका पारिस्थितिक प्रभाव क्या होगा और क्या इससे वास्तव में मानव-गुलदार संघर्ष कम होगा?

# एक छात्र, एक परिवार .. और फिर पूरा नहटौर!

## स्वस्थ नहटौर मिशन की नई पहल

हम अक्सर देखते और सुनते हैं कि एक व्यक्ति सुबह बिल्कुल सामान्य घर से निकलता है, लेकिन शाम होते-होते उसकी तबीयत अचानक बिगड़ जाती है और उसे अस्पताल ले जाना पड़ता है। जांच के बाद पता चलता है कि उसका ब्लड प्रेशर बहुत ज़्यादा बढ़ा हुआ है। स्थिति गंभीर हो सकती है और हार्ट अटैक या स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या का ख़तरा हो सकता है। ऐसे समय परिवार के मन में अक्सर एक ही बात आती है, काश! हमें पहले ही पता चल गया होता कि ब्लड प्रेशर या शुगर इतनी बढ़ी हुई है। हर बीमारी या गंभीर स्थिति को पहले से रोक पाना संभव नहीं है। लेकिन समय पर जांच, बीमारी की पहचान और सही चिकित्सा सलाह कई मामलों में गंभीर स्थिति के ख़तरे को कम कर सकती है और जान बचा सकती है। इसी सोच के साथ नहटौर में एक नई पहल शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करना और ब्लड शुगर तथा ब्लड प्रेशर की समय-समय पर जांच कराने के महत्व को समझाना है। इस पहल की सबसे ख़ास बात यह है कि इसकी शुरुआत अस्पताल से नहीं, बल्कि स्कूल की कक्षा से हो रही है।





फाइल फोटो।

### छात्र बनेंगे 'स्वास्थ्य-दूत'

हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) की पहल 'स्वस्थ नहटौर मिशन' के तहत नहटौर के 12 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों और इंटर कॉलेजों में डायबिटीज़ (शुगर) एवं हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) जागरूकता कार्यक्रम एवं सी.पी.आर. वर्कशॉप आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 12 सितंबर 2026 को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज, नहटौर से होगी। इसके बाद अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम और सी.पी.आर. वर्कशॉप का सिलसिला 7 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान लगभग 700 से 800 छात्र-छात्राओं को अभियान से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रमों में छात्रों को डायबिटीज़, हाई ब्लड प्रेशर, समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली, फास्ट फूड और नशीली चीज़ों से दूरी तथा आपात स्थिति में सी.पी.आर. के महत्व के बारे में आसान और उपयोगी जानकारी दी जाएगी। लेकिन उद्देश्य केवल छात्रों को जानकारी देना नहीं है। असली कोशिश यह है कि वे यह जानकारी अपने घरों तक ले जाएं। एक छात्र अपने पिता को शुगर की जांच कराने के लिए कह सकता है, अपनी मां को ब्लड प्रेशर चेक कराने की याद दिला सकता है या किसी बुज़ुर्ग को समय पर डॉक्टर से सलाह लेने के लिए प्रेरित कर सकता है। छात्र शुरुआत में स्वास्थ्य कार्यकर्ता तो नहीं हो सकते, लेकिन स्वास्थ्य-दूत जरूर बन सकते हैं। कार्यक्रम डॉ. विकास कुमार त्यागी, एमबीबीएस, एमडी के चिकित्सा मार्गदर्शन में होंगे। अभियान के संपर्क और प्रशासनिक कार्यों की ज़िम्मेदारी सेवानिवृत्त मेजर चरण सिंह शर्मा, सहसंयोजक, स्वस्थ नहटौर मिशन के साथ अब्दुल क़ादिर, फ़राज़ ख़ुर्शीद और हैप्ट के अन्य वरिष्ठ युवा हेल्थ वॉलंटियर्स की टीम संभालेगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षक प्रभारी को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

## 12 शिक्षण संस्थानों के 700 से 800 छात्र-छात्राएं बनेंगे 'स्वास्थ्य-दूत'

### 12 सितंबर से 14 नवंबर तक जागरूकता का संदेश

12 सितंबर से 7 नवंबर तक शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और सी.पी.आर. वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इसके बाद 14 नवंबर, विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर नहटौर में जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस तरह अभियान की शुरुआत स्कूलों से होगी, लेकिन इसका संदेश स्कूलों की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा।

### यह केवल एक दिन की कहानी नहीं है

'स्वस्थ नहटौर मिशन' की यह पहल अचानक शुरू नहीं हुई है। इसके पीछे वर्ष 2022 से चल रही लगातार मेहनत, अनुभव और स्वयंसेवी सेवा का सफ़र है। हैप्ट के स्थायी नि:शुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर जांच एवं परामर्श केंद्र ने 6 सितंबर 2026 तक 214 साप्ताहिक सत्र आयोजित किए हैं। इनमें लगभग 4,000 लोगों की जांच की गई और 600 से अधिक लोगों को आगे चिकित्सा सहायता के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ा गया। इस सफ़र की एक महत्वपूर्ण कड़ी वे 55 छात्र-छात्राएं हैं, जिन्होंने बारहवीं कक्षा पास करने के बाद हैप्ट से स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशिक्षण लिया और हेल्थ वॉलंटियर्स के रूप में काम शुरू किया। इन युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण डॉ. विकास कुमार त्यागी और डॉ. सुनीता त्यागी ने दिया। ये युवा लगभग चार वर्षों से स्वेच्छा से लोगों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच में सहयोग कर रहे हैं।

-ग़िज़ाल मैहदी
सचिव, हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट
सहसंयोजक, स्वस्थ नहटौर मिशन
संपर्क- 9540520359
ईमेल : heptrustindia@gmail.co

## बाल कविता

खिले पुष्प और हंसी पंखुरी,
मैं देखूं मुस्कान तेरी।
जाग हमारे हृदय नंदन,
जग में ऊंची शान तेरी।।

किरणों ने रोशन की गलियां,
ओस ने आंगन धोया है ।
बही बसंती हवा सुरीली,
यह मुन्ना क्यों सोया है।।
ठुमक -ठुमक कर आई लतिका,
सुनने को अब तान तेरी......
जाग हमारे हृदय नंदन,
जग में ऊंची शान तेरी....

कलियों ने घूंघट पट खोले,
देख सवेरा आया है।
सुनने को किलकारी तेरी,
सारा जग मुस्काया है।।
राम करे तू नाम करे,
तुझसे हो पहचान मेरी.....
जाग हमारे हृदय नंदन,
जग में ऊंची शान तेरी.....

चुग्गा चुनकर लाई चिड़िया,
चहक रही चौबारे पर।
ममता लेकर आई मैया,
कब से खड़ी द्वारे पर।।
मां मुन्ना की मुन्ना मां का,
तुझमें बस्ती जान मेरी ....
जाग हमारे हृदय नंदन,
जग में ऊंची शान तेरी....

–महीपाल सिंह

## ग़ज़ल

### गंगा जमना एक है रामो रहीमां एक हैं

नफ़रतों की राजनीति देर तक चलती नहीं
जुल्म की जो शाख़ है वो फूलती फलती नहीं
कौन सा तमग़ा मिला बेजान मस्जिद तोड़कर
रख दिया तुमने वरक़ इंसानियत का मोड़कर
मंदिरों-मस्जिद पे करते हो सियासत वाह-वाह
नफ़रतों के साथ चलती है हुकूमत वाह-वाह
तुमने हिंदुस्तान का चेहरा बदलकर रख दिया
मज़हबों का फूल पैरों से कुचलकर रख दिया
क्या मिटाओगे सहारनपुर की तुम पहचान को
तुमने शर्मिंदा किया है सारे हिंदुस्तान को
मंदिरो-मस्जिद हमारे मुल्क की पहचान हैं
ये हमारी आस्था हैं और यही पहचान हैं
कल यहीं रहते थे हिंदू और मुस्लिम प्यार से
तुमने इनको बांट डाला मजहबी दीवार से
रेत की दीवार जैसी है तुम्हारी साजिशें
कल बहा ले जाएंगी इन को भयानक बारिशें
मुल्क को अपने लबों से अम्न का पैगाम दो
अपने हर इक जुल्म को इंसानियत का नाम दो
मुल्क को मजबूत करने की कोई सूरत करो
तुम भी इज़्ज़त पाओगे हर कौम की इज़्ज़त करो
भाई से भाई को लड़वाना कोई हिम्मत नहीं
ऐसे गंदे काम करते हो तुम्हें गैरत नहीं
हिंदू-मुस्लिम एकता को तुम मिटा सकते नहीं
हम तुम्हारे कारनामों को भुला सकते नहीं
तोड़ दो ये मस्जिदें नुकसान देती हैं अगर
एक कटता है तो उग जाते हैं फिर लाखों शजर
गंगा जमना एक हैं रामो रहीमां एक हैं
इस सुनहेरे मुल्क में हिंदू-मुसलमां एक हैं



-शनावर किरतपुरी
रज़िया महल
किरतपुर, बिजनौर

# दुष्कर्म के फ़र्ज़ी मुक़दमों का खेल : बब्बू लंगड़ा गिरोह की पहुंच कहां तक?

## पुलिस कर रही पड़ताल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इज्जतदार लोगों को दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोपों में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठने के आरोप में सामने आए बब्बू लंगड़ा गिरोह की जड़ें कितनी गहरी हैं, पुलिस अब इसकी पड़ताल में जुटी है। गिरोह के सरगना जुल्फूकार उर्फ बब्बू लंगड़ा की कथित पहुंच समाज के विभिन्न वर्गों तक होने की बात सामने आने के बाद पुलिस अब उन लोगों की भी कुंडली खंगाल रही है, जो किसी न किसी रूप में गिरोह के संपर्क में रहे बताए जा रहे हैं। गत सोमवार को एसपी केके विश्नोई ने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बताया था कि गिरोह कथित तौर पर इज्जतदार और संपन्न लोगों को निशाना बनाता था। आरोप है कि पहले महिलाओं के माध्यम से दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में फंसाने का दबाव बनाया जाता और इसके बाद समझौते अथवा मुकदमे से बचने के नाम पर मोटी रकम की मांग की जाती थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना जुल्फूकार उर्फ बब्बू लंगड़ा, उसके कथित खास सहयोगी अफजल पुत्र कफील और तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के बाद गिरोह से जुड़े कई लोग भूमिगत हो गए हैं।



फाइल फोटो।

सूत्रों के अनुसार पुलिस की जांच में गिरोह के सरगना बब्बू लंगड़ा की कथित आर्थिक हैसियत और उसकी पहुंच भी जांच का विषय बनी हुई है। चर्चा है कि वह अपने संपर्कों और पैसे के बल पर कई तरह के काम आसानी से करा लेता था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उसके संपर्क किन-किन लोगों से थे और क्या इन लोगों ने कभी गिरोह की गतिविधियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मदद की। जांच का दायरा केवल गिरफ्तार आरोपियों तक सीमित नहीं है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गिरोह के लिए शिकायतकर्ता तलाशने, दस्तावेज तैयार कराने, मुकदमे की प्रक्रिया में मदद करने या कथित समझौते कराने में कौन-कौन लोग भूमिका निभाते थे।

### नाबालिग दिखाने के लिए फर्जी टीसी

गिरोह को लेकर सामने आई सबसे गंभीर बातों में से एक लड़कियों को नाबालिग दर्शाने के लिए कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने का मामला भी है। आरोप है कि जिन युवतियों के माध्यम से दुष्कर्म के मुकदमे दर्ज कराए जाते थे, उनकी उम्र कम दिखाने के लिए स्कूलों से फर्जी स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) तक कटवाए जाते थे। सूत्रों के मुताबिक गिरोह ने ऐसे कुछ स्कूलों को कथित तौर पर चिन्हित कर रखा था, जहां से उसकी मांग के मुताबिक दस्तावेज तैयार कराने की कोशिश की जाती थी। हालांकि इस संबंध में सामने आए प्रत्येक तथ्य की पुलिस द्वारा स्वतंत्र रूप से जांच की जा रही है। यदि दस्तावेजों में हेराफेरी की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक सकती है। फर्जी मुकदमे की पूरी कथित प्रक्रिया में कई स्तरों पर मदद मिलने की बात सामने आने के बाद पुलिस अब नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में लगी है। मुकदमा दर्ज कराने से लेकर दस्तावेज जुटाने और कथित तौर पर पीड़ित पक्ष पर दबाव बनाने तक किन लोगों की भूमिका रही, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि गिरोह के सदस्य किन लोगों के संपर्क में थे और क्या किसी व्यक्ति ने जानबूझकर उन्हें कानूनी प्रक्रिया अथवा सरकारी दस्तावेजों का दुरुपयोग करने में सहायता की। जांच में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## इज्जतदार लोगों को मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रकम ऐंठी

### सफेदपोशों से संबंध की भी जांच

**गिरोह के तार कुछ सफेदपोश लोगों से जुड़े होने की चर्चाओं ने मामले को और गंभीर बना दिया है। हालांकि अभी तक ऐसे किसी व्यक्ति के नाम की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि गिरोह की पहुंच वास्तव में किन-किन प्रभावशाली लोगों तक थी और उन्होंने उसकी गतिविधियों में कोई भूमिका निभाई थी या नहीं।**

### पुलिस के रडार पर कई संदिग्ध

गिरोह का पर्दाफाश होने के बाद अब पुलिस का अगला फोकस उसके पूरे नेटवर्क तक पहुंचने पर है। फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आए नामों और सम्पर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ यह भी सामने आ सकता है कि गिरोह ने कितने लोगों को अपना निशाना बनाया और कथित रूप से कितनी रकम की वसूली की। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के बाद खुलेगा नेटवर्क का पूरा राज

**बब्बू लंगड़ा गिरोह के पर्दाफाश के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या गिरफ्तार आरोपियों के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क भी सक्रिय था। फर्जी दस्तावेज, कथित मुकदमेबाजी और रकम की वसूली से जुड़े सभी पहलुओं की जांच के बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। पुलिस की कार्रवाई और जांच की अगली कड़ियों पर अब सभी की निगाहें टिकी हैं।**

# पेट्रोल पंप परिसर में हो रहे निर्माण कार्य को रोकने पर डीएम से शिकायत

## दोनों पक्षों में गहमागहमी के बीच नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम, सहमति बनने के आसार पर रोकी गई पैमाइश

**नगीना ( चिंगारी )।** बिजनौर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह की जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद अग्रवाल ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप परिसर में रोके गए निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने जांच कमेटी गठित कर नायब तहसीलदार बढ़ापुर श्याम सुंदर के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ टीम को मौके पर भेजा।


शिकायत में आरोप लगाया गया था कि नगीना स्थित अग्रवाल ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप परिसर में मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसे कुछ लोगों ने आपत्ति जताकर रुकवा दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि पेट्रोल पंप का नक्शा जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा स्वीकृत एवं प्रमाणित है। यह पंप खसरा नंबर 429, मौजा चतुरभोजपुर में वर्ष 1967 से स्थापित बताया गया है।



शिकायत के माध्यम से अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी।

इसी के बाद प्रशासन की टीम बृहस्पतिवार को अग्रवाल ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप पहुंची। टीम ने पंप व बराबर में स्थित एक धार्मिक स्थल की भूमि की नपाई-पैमाइश शुरू की। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग मौके पर मौजूद रहे और काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

नायब तहसीलदार श्याम सुंदर ने बताया कि मौके पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इसी को देखते हुए फिलहाल नपाई-पैमाइश का कार्य बीच में रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति बनने की स्थिति में मामले का समाधान कराया जाएगा। एसडीएम प्रिंस कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों में लगभग सहमति बन चुकी है, जल्द सहमति पत्र भी आ जाएगा।


DF धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# स्कूल के पास गुलदार दिखने से मचा हड़कंप

## शिक्षकों ने बच्चों को कमरों में बैठाया, ग्रामीणों ने स्कूल को घेरा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हल्दौर ब्लॉक के ग्राम फतेहपुर असल स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास गुलदार दिखाई देने से बच्चों और शिक्षकों में दहशत फैल गई। गुलदार दिखाई देने की सूचना मिलते ही शिक्षकों ने एहतियातन सभी बच्चों को कमरों के अंदर बैठा दिया और इसकी सूचना अधिकारियों को दी।

एबीएसए ने तत्काल वन विभाग के रेंजर महेश गौतम को जानकारी दी। उधर, गांव में सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और स्कूल को चारों तरफ से घेर लिया।

रेंजर महेश गौतम वन विभाग के दरोगा योगेंद्र सिंह और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने स्कूल के आसपास तथा गन्ने के खेतों में सर्च अभियान चलाया। टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी।




### बच्चों और ग्रामीणों को गुलदार से बचाव के बताए उपाय

रेंजर महेश गौतम ने विद्यालय में बच्चों के साथ बैठक कर उन्हें गुलदार से बचाव और सावधानी बरतने के उपाय बताए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों के साथ भी बैठक की और गुलदार से सुरक्षित रहने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गुलदार को जल्द पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाया जाएगा।

इस दौरान ग्राम प्रधान रुपेश त्यागी, संदीप त्यागी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, राज त्यागी, सिबा त्यागी, विनीत सैनी, नेपाल सिंह, मनीष त्यागी, सोनू कुमार, विपिन कुमार, जयपाल सिंह, बृजेश कुमार, विकास कुमार, राजा, टेकचंद, अंकुर त्यागी, आकाश, नईम, देवेंद्र त्यागी, तिर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वार्ता करने आये हाईवे के अधिकारी, बात नहीं बनी धरना जारी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** हाईवे पर कट की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत व तहसील महामंत्री हितेश चौधरी ने बताया कि नेशनल हाईवे के अधिकारी धरनास्थल पर आए और उनसे वार्ता हुई। उन्होंने 15 दिन का समय मांगा, लेकिन कोई ठोस आश्वासन नहीं देने के कारण बात नहीं बनी, इसलिए जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, धरना जारी रहेगा। धरने पर कल चौधरी बलराम सिंह, कुलबीर सिंह, भोपाल सिंह राठी, राजेंद्र मोहन चौहान, दिनेश चौहान, विनोद चौहान, डिंपल राजपूत, विजय सिंह, हिमांशु, अनुज तोमर आदि काफी संख्या में किसान बैठे थे।



# कमरे में सो रही 10 वर्षीय बालिका को सांप ने डसा, मौत

**वन विभाग की टीम ने सांप को किया रेस्क्यू**

नगीना ( चिंगारी )। कमरे में सो रही 10 वर्षीय बालिका को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिये ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार नई कालोनी निवासी रोजी ( 10 वर्ष ) पुत्री दीपू बुधवार रात में कमरे में सो रही थी। इसी दौरान कमरे में मौजूद सांप ने उसे डस लिया। बालिका के सांप के डसने की सूचना मिलने पर परिजनों में अफरातफरी मच गई। उसे उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। परिजनों ने सांप को कमरे में बंद कर घटना की सूचना वन विभाग को दी। वन रेंजर प्रदीप शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा सांप की स्थिति जहरीले ज्ञात होने पर सर्पमित्र वी. भारद्वाज को मौके पर बुलाया गया और काफी प्रयास के बाद सांप को रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू किये गये सांप को कॉमन करैत बताया जा रहा है, जो जहरीला सांप माना जाता है। बालिका की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मोहल्ले में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

# बुलेट बाइक पर जा रहे युवक पर गुलदार ने झपट्टा मारा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बीती रात्रि गुलदार ने ग्राम कामराजपुर के समीप एक बाइक सवार पर हमला करने का प्रयास किया। गुलदार के पंजे से बुलेट बाइक का सीट कवर तथा युवक का लोअर फट गया। बाइक गिरते-गिरते बची और युवक की जान भी मुश्किल से बची।

क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर का निवासी युवक नकुल कुमार अपनी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से सम्बन्धित कार्य से विगत देर शाम ग्राम कामराजपुर में बस्ती से बाहर नहर के किनारे मौजूद दुकान पर गया था। वहां से रात्रि लगभग 8 बजे जब वह वापस लौट रहा था, तो चौ. ब्रजवीर सिंह के नलकूप के समीप गुलदार गन्ने के खेत से निकलकर आया और उस पर हमले का प्रयास किया। गुलदार के पंजे की कुछ अंगुलियां बाइक की सीट के कवर और कुछ युवक के लोअर पर लगीं। उसकी बुलेट भी गिरते-गिरते बची।

नकुल वहां से कामराजपुर की बस्ती में पहुंचा और अपने साथ घटी घटना के बारे में बताया। कामराजपुर के कुछ ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, वहां उन्हें गौवंश के रंभाने की आवाज आयी। आवाज की दिशा में गन्ने के खेत में आगे बढ़कर उन्होंने देखा, तो वहां उन्हें एक बछड़े का शव पड़ा मिला। युवक पर हमले में विफल रहने के बाद गुलदार ने उसे अपना शिकार बना लिया। नकुल ने जान बच जाने पर ईश्वर का बारंबार धन्यवाद किया।



गुलदार के हमले में फटा लोअर दिखाता नकुल

# दिल्ली किड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिजनौर के नन्हे खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

## एसपी ने किया सम्मानित




**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम दिल्ली किड एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में जनपद बिजनौर के उभरते एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। ग्राम नारायणपुर निवासी प्रदीप कुमार के पुत्र आदित्य चौधरी ने अंडर-12 वर्ग की 60 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लॉन्ग जंप में उन्होंने तृतीय स्थान हासिल किया। आदित्य चौधरी कोच संदीप चौधरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रतियोगिता में ग्राम गांधौर, चांदपुर निवासी जहीर आलम के पुत्र आयान ने अंडर-10 वर्ग की 60 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्राम लालपुर मान, नांगल सोती निवासी निकुल कुमार के पुत्र विराट देशवाल ने अंडर-8 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 मीटर रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने शाफ्ट बॉल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जनपद के उभरते एथलीटों की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसपी ने कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं का इस प्रकार आगे बढ़ना गौरव की बात है और इन उपलब्धियों से अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# वर्धमान कॉलेज में हुई दोहा, चौपाई, लोकगीत प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में हिन्दी दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा दोहा, चौपाई एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 28 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें छात्रा दिव्या और सलोनी ने लोकगीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रिया शर्मा, वंश, सुम्बूल, इल्मा ने दोहा, चौपाई प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शशिप्रभा ने सभी प्रतिभागियों को सुंदर प्रस्तुति के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकगीत आज भी हमें हमारी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ते हैं। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर शशिप्रभा एवं डॉ. रीना प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में डॉ. ओ.पी. सिंह ने लोक संस्कृति के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला और मधुर लोकगीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। डॉ. पूजा सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन आयुष बघेल ने किया। दोहा, चौपाई एवं लोकगीत गायन प्रतियोगिता का परिणाम 14 सितम्बर को हिंदी दिवस पर घोषित किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# जीजीआईसी की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान रजि. बिजनौर के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को जीजीआईसी में हाईस्कूल में सबसे ज्यादा अंक लाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिक राजवर्धन भटनागर ने बच्चों से कहा कि हमारा जीवन सांप सीढ़ी की तरह है। जैसे ही हम गलत आदत के सांप रूपी मुंह में जाते हैं, नीचे उतर जाते हैं। अगर अच्छी आदतों की सीढ़ी पर चढ़ते हैं तो जीवन में ऊपर चढ़ते जाते हैं। अपने माता-पिता के लिए ऐसा व्यवहार बनाएं कि संसार में सब आपकी प्रशंसा करें। सोनम को प्रथम स्थान पाने पर वाटर कूलर देकर सम्मानित किया गया। महिमा द्वितीय स्थान, माही तृतीय स्थान, सभी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जो बच्चे नहीं आए थे उनकी क्लास टीचर को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में शिक्षण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 10 अध्यापिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्थापिका सविता अग्रवाल, अंजू शर्मा, राजवर्धन भटनागर, पवन देवी, स्वाति यादव, रानू चौधरी, किरण शर्मा, शर्मिला, पूनम शर्मा, शिवानी शर्मा एवं रीता सचदेवा आदि रहे।

# वीर अब्दुल हमीद व दुष्यंत को याद किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस एवं प्रसिद्ध ग़ज़लकार दुष्यंत कुमार की जयंती के अवसर पर गुरुवार को मेरठ नर्सिंग होम, चांदपुर में शौर्य और साहित्य दिवस के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेजर दानिश फ़ारूक़ी ने वीर अब्दुल हमीद और दुष्यंत कुमार के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दोनों महान विभूतियों को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश की।

इस अवसर पर मेजर दानिश फ़ारूक़ी ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस, बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान की ऐसी मिसाल कायम की, जो भारतीय सैन्य इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज रहेगी। वहीं, ग़ज़ल सम्राट दुष्यंत कुमार को याद करते हुए मेजर दानिश फ़ारूक़ी ने कहा कि दुष्यंत कुमार ने अपनी लेखनी के माध्यम से आम आदमी की पीड़ा, सामाजिक विषमताओं और व्यवस्था की विसंगतियों को बेबाकी से अभिव्यक्ति दी। उनकी रचनाओं में समाज की वास्तविक तस्वीर दिखाई देती है।

कार्यक्रम में अधिवक्ता शैलेंद्र चौधरी ने मेजर दानिश फ़ारूक़ी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की बहादुरी और दुष्यंत कुमार की साहित्यिक चेतना आज की पीढ़ी के लिए बेहद प्रासंगिक है। दोनों महान व्यक्तित्वों ने अपने-अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान देकर देश और समाज के सामने प्रेरणा की मिसाल कायम की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने वीर अब्दुल हमीद के राष्ट्रप्रेम, साहस एवं बलिदान तथा दुष्यंत कुमार की सामाजिक चेतना और साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विनोद शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, सलीम अहमद, शक्ति शर्मा,जहीर प्रधान, आरिफ अहमद, कृष्ण वीर, दुष्यंत, शिराज, अभिषेक, विश्वास राव, अमित देशवाल और विनीत आदि मौजूद रहे।

# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

**बिजननौर (चिंगारी)।** अहेरा, बागपत स्थित गोपीचंद महाविद्यालय में नेशनल फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 15वीं 9-ए-साइड फुटबॉल चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से 16 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें यूपी वेस्ट टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने यूपी वेस्ट टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और टीम को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।



विद्यालय की प्रार्थना सभा में पूरे विद्यालय परिवार के समक्ष खिलाड़ियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं।

## ज़ैद का नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** दस दिन पूर्व जनपद सहारनपुर में हुई सीबीएसई बोर्ड की नॉर्थ जॉन-1 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर लाम्बा कॉन्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (अफजलगढ़) के कक्षा 7 के स्टूडेंट एवं सेल्यूट ताइक्कांडो एकेडमी अफजलगढ़ के सब जूनियर खिलाड़ी कासमपुर गढ़ी निवासी एसएम जैद का सीबीएसई बोर्ड की नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए चयन हो गया है। कोच मौ. आरिफ व स्कूल के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने बताया कि यह चैंपियनशिप 19 से 24 सितंबर तक हरियाणा राज्य के पानीपत में आयोजित होगी। नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुए चयन पर मौ. आरिफ व अमित कुमार सहित स्कूल प्रबंधक जितेंद्र लाम्बा, उपप्रबंधक विश्वजीत लाम्बा, पीटीआई श्रीमती नीलम सहित स्कूल स्टाफ ने ज़ैद को शानदार जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उसे स्कूल की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



## भाकियू किसान सरकार के किरतपुर नगर अध्यक्ष बने मौ. जफर

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार में काफी समय से काम कर रहे मौ. जफर को एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई। उन्हें भारतीय किसान यूनियन सरकार का युवा नगर अध्यक्ष किरतपुर नियुक्त किया गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आफताब प्रधान व काफी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया छठी महोत्सव

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** गुरुवार को प्राचीन बड़ा शिव मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में छठी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान दोपहर 12 बजे छठी का भंडारा आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम तीन बजे से कीर्तन का आयोजन किया गया। मोहल्ला किला निवासी एवं कार्यक्रम आयोजक रोहित अग्रवाल ने बताया कि पहले छठी महोत्सव 6 सितंबर को आयोजित होना था लेकिन लगातार हुई भारी बरसात के कारण मंदिर परिसर में पानी भर जाने से कार्यक्रम स्थगित कर 10 सितंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। गुरुवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजक रोहित अग्रवाल ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी लोगों तथा आयोजन में शामिल हुए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित अग्रवाल, श्रीमती राजवती देवी, आकाश अग्रवाल, अमरीश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल पंप वाले, संजय लोहिया, हनी लोहिया, अमित गुप्ता, अतुल जैन, संदीप कर्णवाल, महेश शर्मा, संजय जोशी, हर्ष गुप्ता, विपिन सिसोदिया आदि का विशेष योगदान रहा।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## सैन समाज की एकजुटता के लिए नेतृत्व की जरूरत : रितेश सैन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने सैन समाज की बिखरी हुई ताकत को एकजुट करने व समाज की सामाजिक एवं राजनीतिक आवाज को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर में सैन समाज का एक सशक्त जिला संगठन व एक प्रभावी जिला नेतृत्व होना चाहिए ताकि समाज के लोगों की समस्याओं व अधिकारों की आवाज मजबूती से उठाई जा सके। रितेश सैन ने समाज के विभिन्न संगठनों, पदाधिकारियों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अलग-अलग संगठन व अलग-अलग नेतृत्व खड़े करने के बजाय सभी को एक मंच पर आकर समाज की सामूहिक शक्ति बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होगा, तभी उसकी सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक भागीदारी भी मजबूत होगी। इस मौके पर अशोक कुमार, ओमकार सिंह, कुलदीप कुमार, मुकेश कुमार, ललित कुमार, रमेश सिंह, धूम सिंह, प्रमोद कुमार, विकास कुमार बंटी, डॉ. सुरेंद्र, सुरेश सिंह, विपिन कुमार, बुलबुल, बबलू सेन, नरेंद्र कुमार, कपिल ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, मास्टर बलवंत सिंह, सतीश कुमार आदि ने अपने विचार रखे।

## कांग्रेस की बूथ कमेटियों का गठन होगा

**नहटौर (चिंगारी)।** कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिये बूथ कमेटियों के गठन एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम पुट्ठी, पुठा बाला, शेरपुर, रायपुर, मलिहाबाद, कश्मीरी मिलक, मिलक मुकिमपुर, सेढा, सेढी, इब्राहिमपुर सहित कई गांवों का दौरा कर पार्टी की नीतियों को बताया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करते हुए सांगठनिक मजबूती को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय व समर्पित टीम तैयार करने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला सचिव सुकेश कुमार, अरविंद, अक्षय कुमार, मिथुन कुमार, जितेंद्र प्रधान आदि ने कहा कि हमें गांव-गांव और बूथ-बूथ तक मजबूत बनाने तथा कांग्रेस पार्टी की जनहितैषी विचारधारा व नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।




## चोरी गई भैंसें जिंदा बरामद, घटना में शामिल तीन लोग गिरफ्तार

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व ग्राम इस्लामपुर लालू उर्फ माली वाला गांव में हुई भैंस चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने घटना का 48 घंटे में ही दोनों भैंसों को जिंदा बरामद कर लिया। घटना में शामिल चार पशु चोरों में से तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ग्राम माली वाला निवासी जलालुद्दीन की दो कीमती भैंसें 8 सितंबर की रात्रि को चुरा ली गई थीं। पीड़ित ने 9 सितंबर को प्रातः घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत मुकदमा लिखकर कार्रवाई करते हुए सर्विलांस एवं स्वाट टीम के सहयोग से थाना अध्यक्ष सुनील सहरावत के नेतृत्व में घटना का पर्दाफाश करते हुए किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी सुब्हान उर्फ भूरा व इस्तखार उर्फ टाइगर तथा नीटू पुत्र जगदीश निवासी भरेकी थाना किरतपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी निशानदेही पर दोनों भैंसों को भी जिंदा बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जावेद पुत्र शाकिर निवासी घिसट पुरी थाना नजीबाबाद का भी नाम प्रकाश में आया है। अपनी भैंसों को सुरक्षित पाकर भैंस मालिक ने पुलिस की प्रशंसा की। घटना का पर्दाफाश करने में थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक मुन्नालाल, उपनिरीक्षक हिमांश गोस्वामी, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, जोगिंदर सिंह, मोनू कुमार, आकाश, विपुल कुमार, नीटू सिंह, राहुल, अजय कुमार, आकाश शामिल रहे।



# चैक की मिठाइयों की गुणवत्ता जांच को नमूने भेजे अलबत्ता

**नहटौर ( चिंगारी )।** त्यौहारों और आम दिनों में नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग लगातार अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में विभाग की टीम ने नहटौर के व्यस्त हल्दौर चौराहे पर अचानक छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच की। गुरुवार को फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम 'फूड सेफ्टी वैन' (मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब) के साथ हल्दौर चौराहे पर स्थित चार प्रमुख मिठाई की दुकानों पर पहुंची। टीम की अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य खाद्य कारोबारियों व दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की मदद से मिठाई की दुकानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की मौके पर ही शुरुआती गुणवत्ता की जांच की गई। इसके अलावा, मिलावट की आशंका के चलते मावा, बर्फी, छेना आधारित मिठाइयों तथा बेसन के लड्डू आदि के नमूने (सैंपल) एकत्रित किए गए, जिन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जा रहा है। छापेमारी के संबंध में फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह ने बताया कि आम जनमानस के स्वास्थ्य व सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे मिठाइयों व खाद्य सामग्रियों के निर्माण में केवल उच्च्च गुणवत्ता एवं साफ-सुथरी सामग्रियों का ही प्रयोग करें। साथ ही, खाद्य पदार्थों को मक्खी, मच्छर और धूल-मिट्टी से बचाने के लिए ढककर रखने के निर्देश दिए।

## मैसेज भेजकर युवती को परेशान कर रहा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक गांव की युवती ने अज्ञात व्यक्ति पर उसके व्हाट्सएप पर मैसेज कर उसको मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल व्हाट्सएप पर लगातार मैसेज कर उसको मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। युवती ने बताया कि मैसैज करने वाला व्यक्ति अपने व्हाट्सएप डीपी पर एक व्यक्ति बंदूक के साथ दिखाई दे रहा है। युवती ने बताया कि भय के कारण वह पिछले तीन दिनों से लाईब्रेरी व ट्यूशन नहीं जा पा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## कृष्ण जी की छठी पर भंडारा कराया



**स्योहारा ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को शिवमूर्ति पर भगवान श्रीकृष्ण की छठी का आयोजन कर भंडारा कराया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष जन्माष्टमी के छह दिन बाद भगवान कृष्ण की छठी मनाई जाती है, जिस पर जगह-जगह भंडारों के आयोजन होते है। इस कार्यक्रम में डाक्टर मनोज वर्मा, मनोज छावड़ा, मोहित रस्तौगी, आशू गुप्ता, पीयूष रस्तौगी, शोभित रस्तौगी, पारस वर्मा, लोकेश रस्तौगी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर पौधारोपण कर उनकी शहादत को सलाम किया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यूनाइटेड इदरीसी फ्रंट के तत्वावधान में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तसलीम अहमद इदरीसी के नेतृत्व में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 61वें शहीद दिवस पर क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली स्थित सुमित्रा विवाह मंडप में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके देशप्रेम, साहस एवं बलिदान को याद किया। प्रदेश अध्यक्ष तसलीम अहमद ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद का जीवन देशभक्ति, वीरता और त्याग की मिसाल है। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवंत रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जावेद इदरीसी, शाहनवाज मलिक, साजिद इदरीसी, नवाब अहमद इदरीसी, इमरान मेराजी इदरीसी, हारून इदरीसी, नदीम अहमद, शाहनवाज अहमद, शहजाद इदरीसी, एडवोकेट शावेज इदरीसी, महबूब इदरीसी सहित यूनाइटेड इदरीसी फ्रंट के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पौधारोपण करते तसलीम अहमद इदरीसी।

## अराज मलिक बने भाकियू भानु के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने संगठन का विस्तार करते हुए नूरपुर निवासी अराज मलिक पुत्र मौहम्मद अकरम को युवा मोर्चे का मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। संगठन के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित त्यागी ने नियुक्ति पत्र जारी कर अराज मलिक को यह जिम्मेदारी सौंपी। संगठन ने उनसे किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ संगठन को मंडल स्तर पर मजबूत करने की अपेक्षा जताई है। अराज मलिक के मुरादाबाद मंडल का अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके समर्थकों में खुर्शी कई लहर दौड़ गई। उन्होंने अपने मनोनयन पर संगठन हाईकमान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व दिया गया, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।


अराज मलिक

## गर्भवती महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट की

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर हो रही गाली-गलौच का विरोध करने पर दबंगों ने 4 महीने की गर्भवती महिला और उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता देवी ने बताया कि गुरुवार को जब वह अपने घर का काम कर रही थी, तभी आरोपी रोहित, बृजपाल सिंह पुत्रगण मुखराम सिंह, पूनम पत्नी बृजपाल सिंह और रोशनी पत्नी रोहित कुमार उनके घर के सामने आकर गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी बृजपाल ने उसे धक्का देकर जमीन पर गिराते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब उसके पति सागर और सास सुषमा उसे बचाने आए, तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए कहीं शिकायत करने पर जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल सुनीता देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पता चला कि वह 4 माह की गर्भवती है और मारपीट के चलते उनके पेट में दर्द हो रहा है। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 823/न.पा.परि.नह./2026-27 दिनांक:- 10.09.2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु 15वें वित्त आयोग बुनियादी अनुदान (द्वितीय किश्त)/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत विकास कार्यो की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 11.09.26 को प्रात: 11:00 बजे से दिनांक 21.09.26 को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 21.09.26 को समय दोपहर 02:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender refrence | Ltr. No. /न.पा.परि.नह./2026-27 |
| Publish and Time for RFP | दिनांक 11-09-26 को प्रात: 11:00 बजे |
| Last Date and Time For Submission Of E-Tender | दिनांक 21-09-26 को दोपहर 02:00 बजे तक |
| Date Of Time Of opening Tender | दिनांक 21-09-26 को सायं 04:00 बजे |
| Place Of opening of E- Tender | Office Nagar Palika Parishad Nehtaur |
| E- Tender Security | 10% of Tender Value |
| E- Tender Document Processing | As Per tender List |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, नहटौर
जनपद-बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, नहटौर
जनपद-बिजनौर

# भारत की बेटियों ने पाकिस्तान को 19-0 से रौंदा

**मोक्पो ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए। भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और



सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए। भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया।

हैट्रिक लगाने वाली पूजा मलिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हैट्रिक लगाने वाली पूजा मलिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत को 18 पेनल्टी कॉर्नर मिले भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक।

# बैंककर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, बिजनौर में 76 ग्रामीण बैंक शाखाएं बंद

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) में संशोधन, पर्याप्त स्टाफ की भर्ती, पेंशन अपडेटेशन समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) के आह्वान पर बिजनौर में एसबीआई की मुख्य शाखा, पीएनबी मंडल कार्यालय और उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर बैंककर्मियों ने धरना-प्रदर्शन कर मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बिजनौर क्षेत्र में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। क्षेत्र की कुल 82 शाखाओं में से 76 शाखाएं पूरी तरह बंद रहीं, जबकि 370 बैंक कर्मचारियों में से 360 कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। कर्मचारियों ने इसे अपनी एकजुटता और लंबित मांगों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। हड़ताल के समर्थन में क्षेत्रीय कार्यालय, बिजनौर के बाहर विभिन्न शाखाओं से पहुंचे कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, पीएलआई देने तथा अन्य लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना था कि बढ़ते कार्यभार और लगातार स्टाफ की कमी के बीच पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना समय की आवश्यकता है। प्रदर्शन



के दौरान कर्मचारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा गया। कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन को वित्त विभाग, भारत सरकार तक भेजने का अनुरोध किया। प्रदर्शन में UFBU के साथ ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन (AIR-RBEA) का भी सहयोग रहा। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी भी धरने में शामिल हुए और उन्होंने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

### एसबीआई और पीएनबी में भी धरना

बिजनौर में एसबीआई की मुख्य शाखा और पीएनबी मंडल कार्यालय पर भी बैंक कर्मचारियों ने धरना देकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया। एसबीआई के प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव कॉमरेड दीपक कुमार, जोनल सचिव कॉमरेड मोहित कुमार, सर्किल डेलीगेट कॉमरेड गौरव वर्मा, संदीप कुमार, नीरज शर्मा और संदीप सिंघल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, पीएनबी मंडल कार्यालय पर मुकेश कुमार पासवान, वरुण चौहान, विकास कुमार, गगन कुमार, जय सिंह, नितिन आजाद, सुमन कुमार, विवेक कुमार, भूपेंद्र और नमित सहित अन्य बैंककर्मियों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज

**कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बैंक कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर पूरी तरह एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों पर लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद पर्याप्त संख्या में नई भर्ती नहीं की जा रही है। ऐसे में पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था कर्मचारियों के साथ-साथ बैंकिंग व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में सहायक होगी। बैंक यूनियनों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। संगठनों के अनुसार 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल और इसके बाद 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।**

# फर्जी मुकदमा खत्म नहीं हुआ तो वन विभाग के खिलाफ होगा आंदोलन- तोमर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने एक होटल में प्रेस कांफ्रेंस कर वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने 7 सितंबर को किसानों के खिलाफ कोतवाली बिजनौर में दर्ज मुकदमे को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच और मुकदमा समाप्त किए जाने की मांग की। चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि 2 सितंबर को वन विभाग ने लकड़ी से लदी एक गाड़ी पकड़ी थी। संगठन का आरोप है कि गाड़ी छोड़ने के एवज में चार लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद 5 सितंबर को संगठन के प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी और जिलाध्यक्ष सचिन गुप्ता के नेतृत्व में वन विभाग कार्यालय पर शांतिपूर्ण धरना दिया गया। उनका दावा है कि वार्ता के बाद 50 हजार रुपये जुर्माने पर सहमति बनी और वन विभाग ने गाड़ी छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद किसानों पर गाड़ी जबरन छीनकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने 6 सितंबर को प्रकाशित खबर का हवाला देते हुए कहा कि उसमें भी रेंजर और किसान नेताओं के बीच नोकझोंक के बाद रसीद काटकर गाड़ी छोड़े जाने की बात सामने आई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 9 सितंबर को मुरादाबाद में संगठन की ओर से वन संरक्षक (सीएफ) का घेराव कर सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि मुकदमा समाप्त नहीं होने पर संगठन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेगा। चौधरी संजीव तोमर ने रेंजर महेश गौतम और वन दरोगा सत्यवीर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। उन्होंने बिजनौर पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर किसानों को परेशान न करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो लखनऊ, बिजनौर, मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर में एक साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में पवन, निखिल चौधरी, मुन्ना दीपक तोमर, साजिद अल्वी, मुन्ना बालियान, वाजिद रजा, रोहन ठाकुर, हरिओम फौजी, जमशेद आलम, पंकज वर्मा, साबिर चांदपुर, रामचरण और काशिफ आदि मौजूद रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लोक निर्माण विभाग, बिजनौर
मुख्यालय–नजीबाबाद
ई–निविदा सूचना

पत्रांक :– 1639/ई–निविदा सूचना/2026–27 दिनांक :– 29.08.2026

1– राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, नजीबाबाद द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए, बी, सी एवं डी (मार्ग कार्यों हेतु) के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग प्रहरी के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा आनलाइन दिनांक 22.09.2026 की प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 28.09.2026 की अपरान्ह 3:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 28.09.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगीं। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/ टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

2– कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) निर्माण कार्य की लागत | अनुमानित लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत | कुल लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समयावधि | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | बिजनौर | पलनपुर से मिलक बेनीराम मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 16.50 | 1.00 | 17.50 | 1.75 | 854.00 (ऑन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 02 माह (वर्षाकाल सहित) | "ए, बी0, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0 बिजनौर (मु0 नजीबाबाद) | अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुख्य अभियन्ता, मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0, मुरादाबाद |
| 2 | | अमीनाबाद रोड से जागीरपुर मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 10.75 | 0.80 | 11.55 | 1.16 | | | | | | |
| 3 | | लाम्बाखेडा से माहुपुरा मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 19.00 | 1.00 | 20.00 | 2.00 | | | | | | |
| 4 | | मीरापुर से मलौनी मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 14.00 | 0.90 | 14.90 | 1.49 | | | | | | |
| 5 | | कादराबाद पुक्खेवाला मार्ग से मुस्तफाबाद गढी मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 16.80 | 1.00 | 17.80 | 1.78 | | | | | | |
| 6 | | त्रिलोकपुर से पुक्खेवाला मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 14.00 | 0.90 | 14.90 | 1.49 | | | | | | |
| 7 | | किरतपुर से अकबराबाद मार्ग से कसौर मार्ग (नहर की पटरी) मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 31.00 | 1.50 | 32.50 | 3.25 | | | | | | |
| 8 | | खेरूल्लापुर से पूरनपुर गढी मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 32.00 | 0.80 | 32.80 | 3.28 | | | | | | |
| 9 | | बनीरामदास जुलाहापुर मार्ग से हरगनपुर मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 14.50 | 0.90 | 15.40 | 1.54 | | | | | | |
| 10 | | आजमपुर परमा भौगली मार्ग से भोगली गन्ना केन्द्र तक अवशेष भाग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 17.00 | 1.30 | 18.30 | 1.83 | | | | | | |
| 11 | | शाहलीपुर नकीपुर से खाईखेड़ी मार्ग का पुर्ननिर्माण का कार्य। | 19.50 | 1.40 | 20.90 | 2.09 | | | | | | |

- कार्य पूर्णता के उपरान्त 05 वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 7 व 8 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अतिरिक्त धरोहर धनराशि शासनादेश संख्या 86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 23–05–2026 के अनुसार अनुबन्ध गठन के समय ही ली जायेगी एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4859/4एम–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahari पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
बिजनौर (मु0–नजीबाबाद)

R.O.No. 255767 Date: 09-09-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
(मु0–नजीबाबाद)
Email – eepwdnjb@gmail.com

# भाजपा जो कहती है, उसके विपरीत आचरण करती है : धस्माना

## कांग्रेस के वरिष्ठ प्रान्तीय उपाध्यक्ष की प्रेस वार्ता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व एआइसीसी सदस्य सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि भाजपा जो कहती है, ठीक उसके विपरीत आचरण करती है। कोटद्वार स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने भाजपा के विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता के एजेंडे को जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला नकली एजेंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 10 वर्षों से भाजपा की सरकार है और विकास के हर पैमाने पर प्रदेश की विकास गति नकारात्मक है। प्रदेश के सबसे संपन्न


प्रेस वार्ता करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना।

और सर्वाधिक कनेक्टिविटी वाले जिले हरिद्वार में सरकार अपने ही पैसे से बना सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं चला पाई और उसे पीपीपी मोड पर निजी हाथों में सौंप दिया, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा के सुशासन के दावे पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, बलात्कार, दुराचार और हत्या के मामलों में उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में पहले पायदान पर है। राजधानी देहरादून में हत्या, लूट, डकैती रोज की बात हो गई है। ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त है। मैदान से लेकर पहाड़ तक सड़कों-पुलों का बुरा हाल है। कहा कि जब भाजपा समरसता की बात करती है, तो बगुला भगत और घड़ियाली आंसू कहावत चरितार्थ होती है। प्रदेश सरकार रोजाना मस्जिद-मजार-मदरसे का राग अलाप कर धार्मिक ध्रुवीकरण करती है और फिर समरसता की बात करती है, यह दुनिया का सबसे बड़ा मजाक है। इससे पता चलता है कि भाजपा जनता को मूर्ख समझती है। जंतर-मंतर पर जेन जेड आंदोलन और देश भर में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ से भाजपा नेतृत्व में बेचैनी और बौखलाहट है, इसलिए वह राहुल गांधी और कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए धार्मिक व जातीय ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है, जिसका नमूना हल्द्वानी शुद्धिकरण प्रकरण है। गढ़वाल के कोटद्वार, लैंसडौन और यमकेश्वर में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों की स्थिति बदतर है। लैंसडौन विधान सभा में जंगली जानवरों के हमलों से जनता हलकान है। कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं के दौरे और कार्यक्रम प्रदेश में आयोजित होंगे।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व अध्यक्ष संजय मित्तल, प्रदेश सचिव विजय रावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, हिमांशु बहुखंडी और पार्षद नईम अहमद आदि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में उद्यमिता, स्वरोजगार एवं कौशल विकास जागरूकता कार्यशाला आयोजित

## विद्यार्थियों को रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग से छात्र-छात्राओं को उद्यमिता, स्वरोजगार एवं कौशल विकास तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्यमिता, स्वरोजगार एवं कौशल विकास जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी एस नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए केवल रोजगार प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से रोजगार सृजनकर्ता बनना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाने तथा अपने कौशल एवं रुचि के अनुरूप उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया। तत्पश्चात जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक उपासना सिंह ने छात्रों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के महत्व से अवगत कराते हुए जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। रूरल इनक्यूबेशन सेंटर के प्रोजेक्ट मैनेजर दर्शन उनियाल ने कोटद्वार ने विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यम स्थापना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी तथा युवाओं को अपने व्यावसायिक विचारों को उद्यम के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। देवभूमि उद्यमिता योजना समिति सदस्यों डा. हेमंत जोशी, डॉ. जे.सी. भट्ट, डा. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. रवीन्द्र कुमार व डॉ. रजनी चमोली ने भी कार्यशाला के आयोजन में सहयोग दिया। अंत में वाणिज्य विभाग के डॉ.रविन्द्र कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग एवं योगदान देने वाले सभी प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बलूनी माइंड मास्टर्स- 2026 के अन्तर्गत शतरंज व कैरम प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** तल्ला मोटाढाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालयी शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता बलूनी माइंड मास्टर्स 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, एकाग्रता और रणनीतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बलूनी पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। तत्पश्चात आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के सीनियर बालक वर्ग में अथर्व विजेता व शिवांश शर्मा उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में स्वर्णिमा नेगी विजेता व स्वर्णिमा रावत उपविजेता रहे। बालक वर्ग जूनियर में श्रेयांश कुकशाल व शाश्वत नेगी व बालिका वर्ग में सौम्या खरबंदा अदिति रावत क्रमशः विजेता व उपविजेता रहीं। कैरम प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में आयुष कोटनाला व प्रतीक, सीनियर वर्ग में अभय रावत व अंकुर शाह विजेता व उपविजेता रहे। इसी प्रतियोगिता के जूनियर बालिका वर्ग में नाविका व लक्ष्याक्षा भंडारी व सीनियर वर्ग में आयुषी तथा ज्योति गौर विजेता व उपविजेता रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो दिवसीय 'अपनी धरोहर' संवाद कार्यक्रम का आयोजन



## ढोल, दमाऊ, हुड़का की विधायें की गईं प्रस्तुत

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** 'अपनी धरोहर न्यास' की ओर से मुनिकीरेती के स्वामीनारायण आश्रम में आयोजित दो दिवसीय धरोहर संवाद कार्यक्रम का समापन ढोल विधाओं की प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक ढोल विधाओं की प्रस्तुति रही। टिहरी से आये ढोलवादक डॉ. सोहनलाल ने मंत्रों के साथ ढोल की ताल के नियम लोगों को समझायं। डॉ. सोहनलाल ने बताया कि ढोल के वादन में 750 से अधिक तरह की तालों से वार्तालाप किया जा सकता है, जिसका उन्होंने प्रदर्शन भी किया। बागेश्वर से पहुंचे ढोलवादक मोहन दास ने अपने विजयसार की लकड़ी के ढोल के साथ कई प्राचीन कलाओं व जागरों की प्रस्तुति दी। टिहरी के बूढ़ाकेदार से बचन दास और अल्मोड़ा से अपने हुड़के के साथ पहुंचे। सुंदर दास ने भी मंच पर कई अनोखी विधाओं व लुप्त हो रही लोक रचनाओं पर अपनी प्रस्तुति दी। माणा गांव के कुंदन सिंह कपोला ने महिलाओं की टीम के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएसएस के कार्यवाह दिनेश सेमवाल, संस्कृतिकर्मी प्रोफेसर डीआर पुरोहित, साहित्यकार गणेश खुगशाल 'गणी' और महंत रामकृष्ण महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश सेमवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित रूप से उत्तराखंड की संस्कृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल वाद्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि ढोल-दमाऊ के पीछे मौजूद पारंपरिक ज्ञान, कौशल, वादन की विविधता और उसके सांस्कृतिक महत्व को भी सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नीलम ध्यानी जुयाल ने किया। इस दौरान अपनी धरोहर संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट, महामंत्री दिनेश बम, डॉ. श्याम सिंह कार्की, नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश भट्ट, वीरेंद्र बिष्ट, कमल जीना, टीएचडीसी के मुख्य तकनीकी अधिकारी एलपी जोशी, सुनीता पंवार, मधु असवाल, योगाचार्य डॉ. नवदीप जोशी, संजय शास्त्री, पूर्व प्रधानाचार्य डीबीपीएस रावत, सुरेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# सड़क के गड्ढे ने किया संजीवनी का काम

## श्मशान ले जाये जा रहे जीवित हुए साईंराम




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** कभी-कभी कोई घटना ऐसी हो जाती है, जिस पर मुश्किल से ही विश्वास होता है। ऐसी ही एक घटना गीता नगर (आईडीपीएल) निवासी एक परिवार में हुई। हुआ ये कि उक्त परिवार के सदस्य साईं राम जी का निधन होने पर उनके परिजन उनके पार्थिव शरीर को मुक्ति धाम ऋषिकेश के अंतिम यात्रा वाहन से श्मशान घाट ले जा रहे थे कि अचानक श्यामपुर रेलवे क्रासिंग के पास सड़क पर हुये गड्ढे से वाहन को हल्का सा झटका लगा। परिजनों के मुताबिक झटके के बाद साईं राम ने अचानक आंखें खोल दीं। यह देखकर परिजन आश्चर्य चकित हो गये और उन्हें उपचार के लिए एम्स ले जाया गया। घटना को आश्चर्यजनक बताते हुए परिजनों ने कहा कि सड़क में पड़े जिन गड्ढों को लोग आमतौर पर दुर्घटना का कारण मानते हैं उसी सड़क के एक गड्ढे के झटके ने साईराम जी के लिए संजीवनी का काम किया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# 'हनुमान अंश' के बाद पर्दे पर दिखेगी 'राधा अंश'

## स्टार होंगे विराट-अनुष्का ?

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** संतों और आध्यात्मिक गुरुओं के जीवन पर फिल्में बनाने का चलन एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। बाबा नीम करोली महाराज के जीवन से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' को दर्शकों की ओर से मिल रही प्रतिक्रिया के बीच अब संत प्रेमानंद महाराज की जिंदगी भी बड़े पर्दे पर जीवंत करने की तैयारी है। इस फिल्म का नाम 'राधा अंश' रखा गया है। वैष्णव किन्नर अखाड़ा की जगद्गुरु शंकराचार्य हिमांगी सखी ने संत प्रेमानंद महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने की इच्छा जताई है। उन्होंने बताया कि फिल्म का नाम 'राधा अंश' होगा और इसका उद्देश्य संत प्रेमानंद महाराज के आध्यात्मिक जीवन, उनके विचारों और राधारानी के प्रति उनकी अटूट भक्ति को लोगों तक पहुंचाना है। मीडिया संग बातचीत में हिमांगी सखी ने बताया- फिल्म को लेकर फिल्म मेकर टीम से शुरुआती बातचीत हो चुकी




है और टीम ने इस प्रोजेक्ट को लेकर सहमति भी जताई है। अब संत प्रेमानंद महाराज और उनके शिष्यों से आधिकारिक अनुमति लेने के लिए उनसे मुलाकात की जाएगी। फिल्म में कलाकारों का चयन भी उनके शिष्यों की सलाह के आधार पर किए जाने की बात सामने आई है।

### प्रेमानंद महाराज पर बनेगी फिल्म!

'राधा अंश' बनाने का विचार 'हनुमान अंश' से प्रभावित होकर आया है। नीम करोली बाबा के जीवन और उनकी आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित इस फिल्म में उनके बचपन से संत बनने तक के सफर को दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म आस्था, सेवा, विनम्रता और मानवता जैसे संदेशों पर केंद्रित है। हिमांगी सखी का मानना है कि जिस तरह 'हनुमान अंश' के जरिए दर्शकों को नीम करोली बाबा की शिक्षाओं से जोड़ने का प्रयास हुआ, उसी तरह 'राधा अंश' के माध्यम से दुनिया को राधारानी के नाम और संत प्रेमानंद महाराज के संदेशों से जोड़ा जा सकता है। उनका कहना है कि संत प्रेमानंद महाराज को राधारानी का अंश माना जाता है, इसलिए फिल्म का टाइटल भी इसी भाव से प्रेरित है। हिमांगी सखी ने बताया कि बचपन से ही ब्रज से उनका जुड़ाव रहा है। हिमांगी का बचपन ब्रज की कुंज गलियों में बीता है. उनका मन पूरी तरह से राधा-भाव से भरा हुआ है। प्रेमानंद महाराज की जिंदगी पर फिल्म बनाना उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जुड़ाव भी है। उन्होंने ये भी कहा कि मंजूरी मिलते ही फिल्म का प्रोमो बहुत जल्द तैयार हो जाएगा। हिमांगी सखी की कास्टिंग की घोषणा के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के नाम की भी चर्चा शुरू हो गई है। विराट-अनुष्का दोनों ही संत प्रेमानंद महाराज को काफी मानते हैं।


**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।
कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।
हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**


## जालपुर के युवक की गुरुग्राम में मौत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम जालपुर के निवासी मजदूर युवक की गुरुग्राम ( हरियाणा ) में काम करते हुए चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। ग्राम जालपुर निवासी प्रभाकर (28 वर्ष) उर्फ गोला पुत्र विजय सिंह रंगाई - पुताई का काम करता है। पिछले दिनों वह काम करने गुरुग्राम (हरियाणा) में गया हुआ था। तीन दिन पूर्व वह रात में एक बिल्डिंग में काम कर रहा था। काम करने के दौरान असावधानीवश वह उस स्थान से नीचे गिर गया , जहां लिफ्ट लगाने का कार्य चल रहा था। नीचे गिरकर मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। इससे अन्य मजदूरों में हड़कंप मच गया। पोस्टमार्टम के उपरांत गत रात्रि उसका शव ग्राम जालपुर पहुंचा। आज उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के चार बच्चे हैं। सबसे छोटी बेटी अभी डेढ़ माह की ही है। घटना से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उधर गुरुग्राम पुलिस ने उसके साथ काम कर रहे मजदूरों को पूछताछ हेतु हिरासत में ले रखा है। वे मजदूर भी ग्राम जालपुर के ही निवासी हैं।


खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans

**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर